आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 226 हापुड़ , सोमवार 3 मार्च 2025 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## प्रदेश भाजपा सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगम को निजी हाथों में देने पर अमादा- अखिलेश यादव

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके नौकरियां और आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है। पहले केन्द्र की भाजपा सरकार ने कई सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौपा।

अब उसी रास्ते पर चलते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार भी निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकारें पूंजीपतियों के लिए काम करती है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत निगम को निजी हाथों में देने पर अमादा है।



सरकार निजीकरण की आड़ में अरबों की सम्पत्तियाँ पूंजीपतियों को देना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान और आरक्षण विरोधी है। भाजपा पीडीए को नौकरियों और आरक्षण से दूर करने के लिए हर दिन नए-नए षड्यंत्र कर रही है। भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है। वह पीडीए से नफरत करती है। निजीकरण से सरकारी नौकरियां खत्म हो जाती है। निजी क्षेत्र मनमानी करके महंगाई बढ़ाते है जिसका असर आम जनता पर पड़ता है।

इसके साथ ही सरकारी संस्थाओं के निजी क्षेत्र में चले जाने से पीडीए को बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान में दिए गए आरक्षण का अवसर नहीं मिलता है। भाजपा सरकार लूट, झूठ और बेईमानी की नीति पर काम कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा आज भाजपा सरकार की इस नीति के खिलाफ कर्मचारी और आम जनता सभी है। लेकिन अपने चंदे, मुनाफा और लाभ के लिए भाजपा सब कुछ अपने करीबी पूंजीपतियों के हाथों में सौंपने को तैयार है। देश और प्रदेश की जनता भाजपा के षड्यंत्र को जान चुकी है।

2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा की जन विरोधी सरकार को हटाने के लिए संकल्पित है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने हर भारतीय भाषा को बढ़ावा देने का समर्थन किया





हैदराबाद । भाषा विवाद के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को देश में भाषा को लेकर टकराव के रुख के खिलाफ बात की और हर भारतीय भाषा को बढ़ावा देने का समर्थन किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-हैदराबाद के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत समृद्ध भाषाओं का देश है। उन्होंने कहा कि संसद में भी 22 भाषाओं में एक साथ अनुवाद होता है। उन्होंने कहा, ''मैं कुछ बदलावों का जिक्र करना चाहता हूं जो चिंताजनक रूप से खतरनाक हैंज् हमारी सभ्यतागत संस्कृति हमें समावेशिता सिखाती है। क्या भारत की भूमि पर भाषा को लेकर टकराव का रुख होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि हाल ही में जब भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया तो यह सभी के लिए गर्व का क्षण था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की भाषाएं गहन ज्ञान और बुद्धिमता से भरपूर साहित्य के लिहाज से सोने की खान हैं। उन्होंने कहा कि हर भाषा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा, ''इसलिए मैं देश के युवाओं से आह्वान करता हूं। सोशल मीडिया ने आपको निर्णय लेने की शक्ति दी है। अगर राष्ट्रवाद के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से कोई भटकाव होता है, अगर पक्षपातपूर्ण नजरिए से विकास का आकलन होता है, तो हमें निगरानी करने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक रूप से प्रेरित ताकतों के विमर्श को कुंद किया जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कॉरपोरेट से विकास और नवाचार के लिए अनुसंधान में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर हमारी रणनीतिक प्रणाली में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक युद्ध प्रणाली ध्वस्त हो गई है और कूटनीति चीजों को तय करती है। उन्होंने कहा, ''नवाचार और अनुसंधान हमें 'नरम कूटनीति' में बहुत बढ़त देते हैं। हम एक महान शक्ति बन गए हैं। इसलिए मैं कॉरपोरेट से अपील करता हूं कि वे देखें कि पश्चिम में उनके साथी क्या कर रहे हैं। कृपया उनके करीब पहुंचें।''

## पंजाब में नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा- अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली । पंजाब की मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दावा किया कि राज्य में नशे और नशा तस्करी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी और नशा का कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मान के इस दावे का आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पंजाब में नशे के खिलाफ हमारी सरकार ने महायुद्ध छेड़ दिया है। नशे ने हमारे युवाओं और बच्चों को बड़ी संख्या में बर्बाद कर दिया। नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पंजाब से नशे को हमेशा के लिए खत्म किया जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में दावा किया कि किसी भी स्थिति में नशे को पंजाब से समाप्त करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। इस अभियान में पुलिस, स्थानीय प्रशासन और अन्य सरकारी विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। इसी कड़ी में मंत्री और उच्च प्रशासनिक अधिकारी लगातार मुख्यमंत्री के साथ बैठकें कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री मान ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नशे के खिलाफ अपनी कार्रवाई को तेज करें और इसे जड़ से खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाएं। पंजाब सरकार ने नशे के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करते हुए शनिवार को वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में पांच मंत्रियों की बनी सब कमेटी की पहली बैठक आयोजित की। इस बैठक में नशे से जुड़ी सभी गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा, तरुणप्रीत सिंह सोंध, डॉ बलबीर सिंह और लालजीत सिंह भुल्लर भी मौजूद थे। इसमें पंजाब के डीजीपी गौरव यादव और राज्य के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा भी शामिल हुए। सभी ने नशे के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान को लेकर मंथन किया। मंत्रियों को कुछ जिले सुपुर्द किए गए हैं। मंत्री हरपाल चीमा को पठानकोट, गुरदासपुर, नवांशहर, रोपड़, तरनतारन और होशियारपुर जिलों का प्रभार सौंपा गया है। वहीं, कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को लुधियाना, पटियाला, कपूरथला, मोहाली, अमृतसर और जालंधर जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री तरुणप्रीत सोंध को संगरूर, बरनाला, बठिंडा, फतेहगढ़ साहिब, मोगा और मलेरकोटला जिलों की निगरानी सौंपी गई है। वहीं, मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को फरीदकोट, मुक्तसर, मानसा, फाजिल्का और फिरोजपुर जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलबीर सिंह को पूरे पंजाब का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और हेल्थ डिपार्टमेंट की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रशासनिक कामकाज की समीक्षा करेंगे और नशे की समस्या से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाएंगे।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे राहुल गांधी, कुलियों से की बातचीत



नई दिल्ली । कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे और कुलियों से मुलाकात की। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें हल करने का आश्वासन दिया। 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत हो गई थी। कुलियों ने कई यात्रियों की जान बचाई थी। उस घटना के बाद यह पहला मौका था जब राहुल गांधी स्टेशन पहुंचे। उन्होंने सरकार से मांग की कि रेलवे स्टेशनों पर भगदड़ जैसी स्थिति से बचने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने शुक्रवार देर शाम एक्स पर कुलियों से मुलाकात की फोटो पोस्ट की और लिखा, अक्सर सबसे अंधेरे समय में ही इंसानियत की रोशनी सबसे तेज चमकती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुली भाइयों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए कई यात्रियों की जान बचाई। आगे लिखा, इसके लिए मैं आज देशवासियों की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूं। लेकिन ऐसी दुर्घटनाओं से सीख लेना भी जरूरी है। भीड़ नियंत्रण, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और आपातकालीन व्यवस्था को मजबूत करके इन्हें रोका जा सकता है। उम्मीद है कि सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी ताकि हर वर्ग के यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें। राहुल गांधी ने उनकी समस्याएं सुनीं कुलियों ने कहा कि राहुल गांधी ने उनकी समस्याएं सुनीं। उम्मीद है कि वे उनका समाधान करेंगे। वे करीब 40 मिनट तक स्टेशन पर रहे। उन्होंने कुलियों के साथ-साथ यात्रियों से भी बात की। इससे पहले सितंबर 2023 में राहुल गांधी ने आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की थी। पिछले साल जुलाई में उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मुलाकात की थी।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की सोमनाथ महादेव की पूजा-आरती

सोमनाथ/नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम सोमनाथ महादेव की पूजा-आरती की। इससे पूर्व सोमनाथ गीतामंदिर हेलिपैड पर प्रधानमंत्री का हेलिकॉप्टर उतरा। यहां से प्रधानमंत्री मंदिर तक वाहन में गए। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लोगों का हुजूम उमड़ा रहा। लोग प्रधानमंत्री के एक झलक पाने को बेताब थे। मंदिर में सोमनाथ महादेव का दर्शन के बाद विद्वान पुरोहितों ने शास्त्रोक्त विधि और मंत्रोच्चारण के साथ सोमनाथ महादेव का पूजन कराया। इससे पूर्व गीता मंदिर हेलिपैड पर कलक्टर दिग्विजयसिंह जाडेजा, एसपी मनोहरसिंह जाडेजा ने प्रधानमंत्री का स्वागत अभिवादन किया। इसके अलावा जिला भाजपा प्रमुख महेन्द्र पीठिया, जिला पंचायत प्रमुख मंजूलाबेन मुछाल, नगरपालिका प्रमुख पल्लवी जानी ने भी प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। सोमनाथ मंदिर में पूजन और आरती करने के बाद प्रधानमंत्री ने मंदिर के ट्रस्टियों के साथ बैठक कर मंदिर के विकास कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद वे सासण के लिए हेलॉप्टर से रवाना हुए। सासण गिर हेलिपैड पर राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री मुलु बेरा, सांसद राजेश चुडास्मा, जिला पंचायत प्रमुख हरेश ठुंमर, मुख्य सचिव पंकज जोशी, वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रधान सचिव संजीव कुमार, कलक्टर अनिल कुमार राणावसिया, एसपी भगीरथसिंह जाडेजा और जिला भाजपा प्रमुख किरीट पटेल





ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। सासण में वे सिंह सदन में रात्रि विश्राम करेंगे। सोमवान सुबह 6 बजे प्रधानमंत्री शेर दर्शन करेंगे। इसके बाद वे वन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ वर्ल्ड वाइल्ड कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। इसके बाद वे राजकोट जाएंगे जहां से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना करेगी योगी सरकार

लखनऊ । योगी सरकार ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश की 22,700 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद प्रदेश की हर ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को आधुनिक शिक्षा संसाधन और डिजिटल युग के अनुरूप शैक्षिक प्रगति को सुनिश्चित करना है। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समय के साथ शिक्षा क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्रामीण छात्रों तक ई-बुक्स, डिजिटल कंटेंट और अन्य शैक्षिक संसाधनों की पहुंच आसान बनानी होगी। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी अपनी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाए, जहां बच्चों को किताबें, प्रश्नोत्तरी, वीडियो, ऑडियो लेक्चर



तथा अन्य डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। इससे बच्चों में सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनेगी। सीएम ने लाइब्रेरी के संचालन और प्रबंधन की ज़िम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपने के निर्देश दिए। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप हर ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी की देखरेख ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा की जाएगी। वहीं पंचायत स्तर पर सहायक अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो लाइब्रेरी के रखरखाव, उपयोग और सुचारू संचालन की निगरानी करेंगे। योगी सरकार 4 लाख रुपये प्रति डिजिटल लाइब्रेरी पर खर्च करेगी। इसके तहत 2 लाख रुपये डिजिटल उपकरणों (कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा आदि) की खरीद और 2 लाख रुपये डिजिटल तथा हार्डकॉपी किताबों की खरीद पर खर्च किए जा सकेंगे। लाइब्रेरी में बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के साथ विविध विषयों पर ई-बुक्स और अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान के लिए अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल टूल्स भी मुहैया कराए जाएंगे। उन्हें ऑनलाइन पढ़ाई और रिसर्च कार्यों के लिए इंटरनेट की सुविधा भी दी जाएगी। डिजिटल लाइब्रेरी में एक सुव्यवस्थित मैनेजमेंट सिस्टम होगा, जिससे छात्र अपनी पसंदीदा किताबों और अध्ययन सामग्री को आसानी से एक्सेस कर सकें। योगी सरकार का मानना है कि डिजिटल लाइब्रेरी से ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और छात्रों की डिजिटल साक्षरता बढ़ेगी। यह योजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिसमें शिक्षा के डिजिटलीकरण को प्राथमिकता दी गई है।

## मायावती ने आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया, बोलीं- जीते जी कोई नहीं बनेगा बसपा का उत्तराधिकारी

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद की नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से छुट्टी कर दी है। इसके अलावा उन्होंने घोषणा की कि उनके जीते जी कोई पार्टी का उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित आल इंडिया के सभी छोटे-बड़े पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पद से हटा दिया है। अब आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। साथ ही दोनों के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांशीराम के पदचिन्हों पर चलकर ही अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश आनंद के ससुर भी हैं, अब पार्टी मूवमेंट के हित में पार्टी से निकालकर बाहर किया गया है। जिन्होंने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का काम किया। जहां तक इस मामले में आकाश आनंद का सवाल है, तो आपको ज्ञात है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है और अब अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उस लड़की पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है। आकाश पर भी उसकी लड़की का कितना प्रभाव पड़ता है,

तो यह सब भी अब हमें काफी गंभीरता से देखना होगा, जो अभी तक कतई भी सकारात्मक नहीं लग रहा है। मायावती ने कहा कि ऐसे में पार्टी के हित में आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है, जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इनके ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार हैं। जिन्होंने आकाश आनंद के राजनीतिक करियर को भी खराब कर दिया है। अब इसके स्थान पर पूर्व की तरह ही आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। मायावती ने बताया कि आनंद कुमार, जो पार्टी में पिछले काफी वर्षों से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं, यह मेरी गैर-हाजिरी में और मेरे दिशा-निर्देशन में पार्टी का पूरा पेपर-वर्क, खासकर पार्टी का इनकम टैक्स एवं कोर्ट-कचहरी आदि से संबंधित तथा पूरे देश में चुनाव के दौरान मेरे चुनावी दौरे आदि का भी पूरा प्रबंधन का कार्य देखते रहेंगे। अब यह दिल्ली में पार्टी का सभी जरूरी कार्य देखने के साथ-साथ पूरे देश में पार्टी के लोगों से अपना पूरा संपर्क भी बनाकर रखते हैं, जिसकी पूरी जानकारी समय-समय पर यह मुझे देते हैं।

इसलिए वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर अब इन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए रखने के साथ-साथ पार्टी में इन्हें पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बना दिया गया है। अब पार्टी ने दूसरा नेशनल कोऑर्डिनेटर रामजी गौतम को नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि आनंद कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में, पार्टी और मूवमेंट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि न हो सके मायावती ने कहा कि अब मैंने यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी और मेरे आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया।

मायावती ने अपनी उस बात को आज फिर से दोहराया है कि मेरे लिए पार्टी और मूवमेंट पहले है। भाई-बहन और उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते-नाते आदि सभी बाद में हैं।

# संपादकीय

## धर्म के मार्ग पर चाहिए धैर्य



परमात्मा की उपलब्धि के लिए धैर्य बहुत जरूरी है। प्रभु को पाना चाहते हैं तो प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। हो सकता है कई जन्मों की प्रतीक्षा करनी पड़े। अगर आपने धैर्य खोया तो फिर सारा खेल खत्म। प्रभु को पाने की चाह में आपको समय की सीमा से परे हो जाना होगा। और जब आप समय की सीमा को भूल जाते हैं,

परमात्मा का साक्षात्कार उसी समय हो जाता है। व्यक्ति धर्म के मार्ग पर गया है, उसने अनंत की फसल काटनी चाही है। उतना ही धैर्य भी चाहिए। धैर्य का अर्थ यह है कि तुम अपेक्षा मत करना। धैर्य का अर्थ यह है- कब होगा, यह मत पूछना। जब होगा, उसकी मर्जी। जब हो जाएगा, तब स्वीकार है। अनंत काल व्यतीत हो जाएगा तो भी तुम यह मत कहना कि मैं इतनी देर से प्रतीक्षा कर रहा हूं, अभी तक नहीं हुआ! एक बड़ी पुरानी हिंदू कहानी मुझे बहुत प्रीतिकर रही है कि नारद स्वर्ग जा रहे हैं। और उन्होंने एक बूढ़े संन्यासी से पूछा, कुछ खबर-वबर तो नहीं पूछनी है? तो उस बूढ़े संन्यासी ने कहा कि परमात्मा से मिलना हो तो जरा पूछ लेना कि कितनी देर और है, क्योंकि मैं तीन जन्मों से साधना कर रहा हूं! वह बड़ा पुराना तपस्वी था। नारद जी ने कहा, जरूर पूछ लूंगा। उसके ही पास एक दूसरे वृक्ष के नीचे एक नवयुवक बैठा हुआ अपना एकतारा बजा रहा था। गीत गा रहा था। नारद ने सिर्फ मजाक में उससे पूछा कि क्यों भाई, तुम्हें भी तो कोई बात नहीं पुछवानी है भगवान से?

मैं जा रहा हूं स्वर्ग। वह अपना गीत ही गाता रहा। उसने नारद की तरफ आंख उठा कर भी न देखा। नारद ने उसको हिलाया तो उसने कहा कि नहीं, उसकी कृपा अपरंपार है। जो चाहिए, वह मुझे हमेशा मिला ही हुआ है। कुछ पूछना नहीं है। मेरी तरफ से उसे कोई तकलीफ मत देना। मेरी बात ही मत उठाना, मैं राजी हूं। और सभी मिला हुआ है। बन सके तो मेरी तरफ से धन्यवाद दे देना। नारद वापस लौटे। उस बूढ़े संन्यासी को जाकर कहा कि क्षमा करना भाई! मैंने पूछा था वह। उन्होंने कहा कि वह बूढ़ा संन्यासी जिस वृक्ष के नीचे बैठा है, उसमें जितने पत्ते हैं, उतने ही जन्म अभी और लगेंगे। बूढ़ा तो बहुत नाराज हो गया। वह जो पोथी पढ़ रहा था, फेंक दी, माला तोड़ दी, गुस्से में चिल्लाया कि हद हो गयी! अन्याय है। यह कैसा न्याय? तीन जन्म से तप कर रहा हूं, कष्ट पा रहा हूं, उपवास कर रहा हूं, अभी और इतने? यह नहीं हो सकता। उस युवक के पास भी जाकर नारद ने कहा कि मैंने पूछा था, तुमने नहीं चाहा था, फिर भी मैंने पूछा था। उन्होंने कहा कि वह जिस वृक्ष के नीचे बैठा है, उसमें जितने पत्ते हैं, उतने ही जन्म अभी और लगेंगे। वह युवक तत्क्षण उठा, अपना एकतारा लेकर नाचने लगा और उसने कहा- गजब हो गया। मेरी इतनी पात्रता कहां? इतने जल्दी? जमीन पर कितने वृक्ष हैं! उन वृक्षों में कितने पत्ते हैं! सिर्फ इस वृक्ष के पत्ते? इतने ही जन्मों में हो जाएगा? यह तो बहुत जल्दी हो गया, यह मेरी पात्रता से मुझे ज्यादा देना है। इसको मैं कैसे झेल पाऊंगा? इस अनुग्रह को मैं कैसे प्रकट कर पाऊंगा? वह नाचने लगा खुशी में। और कहानी कहती है, वह उसी तरह नाचते-नाचते समाधि को उपलब्ध हो गया। उसका शरीर टूट गया। जो अनंत जन्मों में होने को था, वह उसी क्षण हो गया। जिसकी इतनी प्रतीक्षा हो, उस क्षण हो ही जाएगा।

## 3 मार्च 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 06.50 प्रात-
सूर्यास्त- 06.27 सायं
सूर्य राशि- कुम्भ राशि में।
चंद्र उदय- 08.52 प्रात-
चंद्र अस्त- 10.08 रात्रि
चंद्रमा- मेष राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना फाल्गुन -03 पूर्णिमांत महीना फाल्गुन-19 पक्ष-शुक्ल पक्ष-04 तिथि- चतुर्थी सायं- 06.02 तक बाद में पंचमी, नक्षत्र-अश्विनी प्रात- 04.29 तक बाद में भरणि,योग-शुक्ल प्रात- 08.57 ब्रह्म प्रात- 05.27 तक बाद में इंद्र, करण-वणिज प्रात- 07.30 तक बाद में विष्टी प्रात- 6.02 तक बाद में बव प्रात- 4.37 तक बाद में बालव, राहु काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक कुलीक काल दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक,यमगंड प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त-दोपहर- 12.15 से 01.01 तक, दुमुहूर्त- दोपहर- 01.01 से 01.48 तक व 03.21 से 04.07 तक अमृत काल प्रात- 09.56 से 11.23 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.13 से 06.01 तक।

## 3 मार्च 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, गृहस्थ सुख अच्छा होगा, बचत भी कर सकेंगे, बोली गई बात पूरी कर पाएंगे, कोई गुस्सा दिला सकता है।
भाग्य प्रतिशत-72

वृषभ- तार्किक सोच रहेगी, धार्मिक कार्य करते है तो उन्नति होगी, समाज में सम्मान मिलेगा, कोई इच्छा पूरी होने का योग बनेगा।
भाग्य प्रतिशत-74

मिथुन- अच्छे कार्यो में पैसा खर्च करेंगे, सेवा भाव भी मन में रहेगा, चिकित्सा, मेनेजमेंट, कृषि, अध्यापन क्षेत्र में है तो उन्नति करेंगे, कोई बात मन में है एन्जायटी से बचे।
भाग्य प्रतिशत-69

कर्क- सब काम आराम से हो जाएंगे, जीवन अच्छा लगेगा, आमदनी बढ़ेगी, नौकरी बदलने से पहले विचार करें, सेहत में सुधार करना होगा।
भाग्य प्रतिशत-72

सिंह- प्लानिंग को पूरा करने के लिए दम लगाएंगे, मौके मिलेंगे लेकिन काम में तेजी शायद ही आए, गलत कार्य करने पर पकड़े जा सकते है विचार करें।
भाग्य प्रतिशत-56

कन्या- दोस्तों का सर्किल बढ़ेगा, फाइनेंस, ऑटोमोबाइल, टैक्स, मार्केटिंग क्षेत्र में उन्नति मिलेगी, महिला बॉस प्रभावित रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-69

तुला- आमदनी कैसे बढ़े विचार करते रहेंगे, होटल मेनेजमेंट,फूड कार्य, स्वर्ण व्यवसाय में अच्छा लाभ होगा, मन कुछ जानने,पढ़ने की ओर रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-60

वृश्चिक- विवाह की अटकलें दूर होगी, पुस्तक, कपड़ा, मसाले का व्यवसाय लाभ देगा, समझदारी से चलेंगे, राजनीति में मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-56

धनु- जरुरत से अधिक खर्च ना करें, राजनीति, सरकारी तंत्र में है तो प्रभाव बढ़ेगा, पत्नी की स्वास्थ्य समस्या पर ध्यान दे, पुलिस, सेना, जैसे क्षेत्र में जाने की तैयारी करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-68

मकर- टैलेंट को मनवाकर ही मानेगे, आर्थिक लाभ शायद ना हो, किसी काम में सरकारी पेनल्टी ना लगे ध्यान दे, विदेश के लोगों से बातचीत उत्तम रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-53

कुम्भ- परिवार में खुशी प्रसन्नता का माहौल रहेगा, नई नौकरी मिल सकेगी, फैक्ट्री, गोदाम, दुकान है तो उससे लाभ होगा, शिक्षा पर ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-74

मीन-स्वास्थ्य में सुधार होगा, कन्या संतति की प्राप्ति सम्भव है, इच्छित विवाह की स्वीकृति मिलेगी, ज्वेलरी लेने की इच्छा होगी।
भाग्य प्रतिशत-75

## फिल्म नादानियां का ट्रेलर रिलीज

मुंबई । इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म नादानियां का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म नादानियां के जरिए सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर भी मुख्य भूमिका में है। फिल्म नादानियां की कहानी साउथ दिल्ली की एक खूबसूरत लड़की पिया (खुशी कपूर), जो अपनी परफेक्ट लव स्टोरी लिखने चाहती हैऔर एक मध्यमवर्गीय सफल व्यक्ति अर्जुन (इब्राहिम अली खान), जो डिबेट टीम का कप्तान बनने का सपना देखता है,के इर्द-गिर्द घूमती है. उनकी दुनिया तब टकराती है जब पिया अर्जुन को एक लेन-देन के समझौते में शामिल करती है। नेटफ्लिक्स ने फिल्म %नादानियां%का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें इब्राहिम और खुशी की खट्टी-मीठी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली। ट्रेलर में दोनों की प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली। फिल्म का ट्रेलर देखने से ऐसा लगता है कि यह एक आम बॉलीवुड रोमांस है, जिसमें एक लड़का एक लड़की से मिलता है, वे प्यार में पड़ जाते हैं, अलग हो जाते हैं और आखिरकार क्लाइमेक्स में फिर से मिल जाते हैं। फिल्म नादानियां में महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज जैसे प्रभावशाली सहायक कलाकार हैं।

फिल्म का प्रीमियर सात मार्च को नेटफ्लिक्स पर होगा। सोशल मीडिया पर ट्रेलर जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा, एक नया सेमेस्टर शुरू होता है,और प्यार उनकी पहली परीक्षा है...इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर अभिनीत, नादानियां देखें, 7 मार्च को, केवल नेटफ्लिक्स पर। शौना गौतम के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण करण जौहर,अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया है।

## 08 मार्च को जी सिनेमा पर होगा वनवास का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर



मुंबई । अनिल शर्मा के निर्देशन में बनीं फिल्म वनवास का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 08 मार्च को जी सिनेमा पर होगा। फिल्म वनवास में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर ने अहम भूमिका निभायी है। निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा, मैं ऐसी फिल्म बनाना चाहता था, जो हर उम्र के लोगों को छू सके, हर पीढ़ी से जुड़े और परिवारों को एक साथ लाए। वनवास प्यार, मूल्यों और उन दिल छू लेने वाली रिश्तों की बात करती है, जो हमें परिभाषित करते हैं। आज के दौर में 70-80 साल का बुजुर्ग अपने ही घर में खुद को वनवासी महसूस कर रहा है, उससे बात करने वाला कोई नहीं है, समाज की हालत ऐसी हो गई है। कई बुजुर्ग अपने ही घरों में परायापन महसूस करते हैं, यह एक कड़वी सच्चाई है, जिसे हम अक्सर नज़रअंदाज़ कर देते हैं। जब मैंने %वनवास% बनाने का फैसला किया, तब मुझे पता था कि मैं यह फिल्म सिर्फ नाना सर के साथ करूंगा। उनकी मौजूदगी इसे वो गहराई देती है, जो कोई और नहीं दे सकता। यह फिल्म मेरे उस सपने का विस्तार है, जिसमें मैं परिवार को केंद्र में रखकर कहानियां कहना चाहता हूं। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं कि दर्शक आठ मार्च, शनिवार को रात 8 बजे अपने घर पर बैठकर वनवास देखें। नाना पाटेकर ने कहा, वनवास हमारे समय का प्रतिबिंब है। आज परिवारों में अनकही दूरियां, गलतफहमियां और एक-दूसरे के लिए समय की कमी जैसी कई चुनौतियां हैं। इस फिल्म का मूल भाव माता-पिता और उनकी निस्वार्थ भावनाओं को दर्शाना है, जो बिना किसी उम्मीद के हमेशा हमारे लिए कुछ न कुछ करते रहते हैं। यह प्यार और बलिदान की गहरी भावना को खूबसूरती से उकेरती है। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, कई बातें भूलने लगते हैं— यह जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है। लेकिन जो हमें कभी नहीं भूलना चाहिए, वह है परिवार का महत्व। चाहे कुछ भी हो जाए, परिवार हमेशा हमारा सबसे मजबूत सहारा होता है। मुझे पूरा यकीन है कि दर्शक खुद को इस कहानी में देखेंगे और अपने परिवार व अपनों के साथ अपने रिश्तों को और गहराई से महसूस करेंगे। उत्कर्ष शर्मा ने कहा, वनवास एक ऐसी फिल्म है, जो हमें अपने रिश्तों और उन बंधनों पर सोचने पर मजबूर कर देती है, जो हमें जोड़कर रखते हैं। यह परिवार के प्यार, त्याग और एकजुटता की भावना को इतनी खूबसूरती से दर्शाती है कि हर पीढ़ी इससे जुड़ाव महसूस करेगी। इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर मैं बेहद उत्साहित था, क्योंकि मैं नाना पाटेकर सर की फिल्मों का लंबे समय से प्रशंसक रहा हूं। उनकी गहराई और समर्पण ने इस फिल्म में बहुत गहरा दिल छू लेने वाली असर डाला है। उनके साथ स्क्रीन साझा करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय सीखने का अनुभव रहा। आज जब एक्शन थ्रिलर्स का दौर है, %वनवास% एक ताज़गी भरी और दिल को छू लेने वाली याद दिलाता है कि परिवार से बढ़कर कुछ नहीं। सिमरत कौर ने कहा, वनवास में जो मुझे सबसे अच्छा लगा, वो इसक गहराई थी और यह कि यह किस खूबसूरती से परिवार के रिश्तों और मुश्किलों और उनकी कुर्बानियों को दर्शाती है। यह एक ऐसी फिल्म है, जो आपको हंसाएगी, रुलाएगी और सबसे बढ़कर, अपनों की अहमियत का एहसास कराएगी। मुझे जो बात सबसे पसंद आई, वह यह है कि यह सिर्फ बुजुर्गों की कहानी नहीं है, बल्कि युवाओं से भी बात करती है और दिखाती है कि हर पीढ़ी की अपनी भूमिका होती है, जो परिवार को एक डोर में बांधे रखने में अहम होती है। मैं बेहद उत्साहित हूं कि पूरे भारत के परिवार इसे ज़ी सिनेमा पर देखेंगे। फिल्म वनवास, का प्रीमियर जी सिनेमा पर आठ मार्च रात 8 होगा।

## बिना प्राचार्य बने हर माह सैकड़ों की संख्या में रिटायर्ड हो रहें वरिष्ठ व्याख्याता एवं प्रधान पाठक

संवाददाता अरुण चौधरी



रायपुर/ छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी- कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत हजारों नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की प्राचार्य पदोन्नति की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने कारगर पहल की हैं। प्रदेश में विगत 11 वर्षो से 3500 से अधिक शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य के रिक्त पदों पर पात्रता रखने वाले नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला (स्नातकोत्तर प्रशिक्षित) की प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं हुई हैं। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित कर प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में 3500 से अधिक रिक्त प्राचार्य के समस्त पदों पर व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों से प्राचार्य पदोन्नति का आदेश 25 मार्च 2025 के पूर्व जारी किए जाने की मांग की हैं । प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ व्याख्याता एवं प्रधान पाठक बिना प्राचार्य बने रिटायर्ड होते जा रहें है। विगत तीन माह के भीतर 31 दिसम्बर 2024, 31 जनवरी 2025 एवं 28 फ़रवरी 2025 को 300 से अधिक वरिष्ठ व्याख्याता टी-ई- संवर्ग एवं प्रधान पाठक टी-ई संवर्ग बिना प्राचार्य पद पर पदोन्नति पाएं विभाग से रिटायर्ड हो गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में पूरी निष्ठा से 35 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण करने के बाद भी तथा प्राचार्य पद का वेतन पाने के बावजूद सैकड़ों वरिष्ठ व्याख्याता एवं प्रधान पाठक प्राचार्य पद पर पदोन्नति पाएं बिना अपने मन में टीस लिए गहरी पीड़ा के साथ रिटायर्ड हो गए। अनेक वरिष्ठ व्याख्याता तथा प्रधान पाठक वर्षो इंतजार करते-करते बिना प्राचार्य पद पर पदोन्नति पाएं स्वर्ग सिधार गए। 35 वर्ष से 40 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद भी प्रदेश के सैकड़ों वरिष्ठ व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं मिली। इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं। आगामी 31 मार्च 2025 को 100 से अधिक वरिष्ठ व्याख्याता टी-ई संवर्ग तथा प्रधान पाठक टी-ई संवर्ग रिटायर्ड होने वाले हैं, यदि 25 मार्च 2025 के पूर्व प्राचार्य पद पर पदोन्नति आदेश जारी हो जाता हैं तो ये सभी वरिष्ठ व्याख्याता तथा प्रधान पाठक अपने सेवाकाल के अंतिम दिन प्राचार्य पद से रिटायर्ड होंगे, जो सरकार की ओर से उनके जीवन के लिए एक अनमोल तोहफा और सेवा के लिए सम्मान साबित होगा। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी- कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के टी एवं ई संवर्ग के व्याख्याता तथा प्रधान पाठक से प्राचार्य पदोन्नति किए जाने के लिए हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ से लेकर सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली तक न्याय के लिए गुहार लगाई गई। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी - कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा ने पूर्व में मुख्यमंत्री,स्कूल शिक्षा मंत्री , स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय तथा विभागीय उच्चाधिकारियो से मुलाकात कर अनेकों बार ज्ञापन सौंप कर प्राचार्य पदोन्नति के लिए मांग की, किंतु सरकार के द्वारा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के समुचित सुधार के लिए बेहद जरूरी इस प्राचार्य पदोन्नति की मांग को तरजीह नहीं दी गई, नतीजा हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में व्याख्याता तथा प्रधान पाठक बिना प्राचार्य पदोन्नति के सेवानिवृत होते चले गए, अनेकों व्याख्याता तथा प्रधान पाठक प्राचार्य बनने का सपना लिए स्वर्ग सिधार गए। नतीजा प्रदेश के सैकड़ों शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राचार्य विहीन रह गए , जहां प्रभारी के भरोसे काम चलाया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी - कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रदेश में 11 वर्षो से प्राचार्य पदोन्नति का कार्य लंबित हैं।प्रदेश में नई सरकार के गठन होने के बाद से शिक्षा जगत में प्राचार्य पदोन्नति को लेकर नई उम्मीद उत्पन्न हुई हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के सर्वांगीण विकास की दिशा में अनेकों कार्य कर रही हैं।

इससे पूर्ण उम्मीद हैं कि स्कूल शिक्षा विभाग तथा लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में समुचित सुधार के लिए तथा प्राचार्य विहीन समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पूर्णकालिक प्राचार्य की पदस्थापना के लिए प्राचार्य पदोन्नति की सम्पूर्ण विभागीय कार्यवाही को अविलम्ब पूर्ण कर प्राचार्य पदोन्नति का आदेश 25 मार्च 2025 तक जारी किया जाएं । प्रदेश में पिछले 11 वर्षों से रुकी हुई प्राचार्य पदोन्नति का आदेश 25 मार्च 2025 के पूर्व जारी करवाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी - कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने पत्र लिख कर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से मांग की हैं कि स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 11 वर्षो से रूकी हुई प्राचार्य पदोन्नति के लिए कारगर कदम उठाते हुए प्राचार्य पदोन्नति की समस्त विभागीय प्रक्रिया को अविलम्ब पूर्ण कर 25 मार्च 2025 के पूर्व प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जारी किया जावें। ताकि 31 मार्च 2025 को रिटायर्ड होने वाले सैकड़ों वरिष्ठ व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों को सरकार की ओर से प्राचार्य पद पर पदोन्नति का तोहफा मिल सकें।

प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने शासन से मांग की हैं कि प्रदेश के 3500 से अधिक शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में टी एवं ई संवर्ग के रिक्त प्राचार्य के समस्त पदों को विगत 11 वर्षो से प्राचार्य पदोन्नति से वंचित प्रदेश के सभी पात्रताधारी एवं निर्धारित अर्हता रखने वाले टी-ई संवर्ग के नियमित व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला स्नातकोत्तर प्रशिक्षित) की प्राचार्य पद पर शासन के नियमानुसार पदोन्नति की जावें, ताकि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में समुचित सुधार हो सकें। स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 11 वर्षो से प्राचार्य पदोन्नति नहीं होने के कारण 3500 से अधिक शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राचार्य विहीन हैं, जहां प्रभारियों के भरोसे काम चलाया जा रहा हैं। प्रदेश के 3500 से अधिक स्कूलों में पूर्णकालिक प्राचार्य के नहीं होने से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था तथा शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी - कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत टी संवर्ग में वर्ष 2013 से तथा ई संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद से हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं की गई हैं । राज्य में 3500 से अधिक शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 11 वर्षों से प्राचार्य के पद रिक्त पड़े हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 11 वर्षो से प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं होने से टी तथा ई संवर्ग के सैकड़ों व्याख्याता तथा प्रधान पाठक सेवानिवृत्त हो गए हैं। प्राचार्य पद पर पदोन्नति का रास्ता देखते-देखते अनेकों व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की मृत्यु हो गईं हैं। प्रत्येक माह लगातार अनेक व्याख्याता और प्रधान पाठक माध्यमिक शाला प्राचार्य पदोन्नति का रास्ता देखते-देखते सेवानिवृत होते जा रहे हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने प्रदेश में प्राचार्य पदोन्नति की विभागीय प्रकिया को अविलम्ब पूर्ण कर 3500 से अधिक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य के रिक्त सभी पदों पर पात्रता रखने वाले टी-ई संवर्ग के नियमित व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी. तथा प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला स्नात्तकोत्तर प्रशिक्षित ) से प्राचार्य पदोन्नति का आदेश 25 मार्च 2025 के पूर्व जारी करने की माँग शासन से की हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने कहा कि प्राचार्य पद पर पदोन्नति देने से शासन को कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आयेगा , क्योंकि पदोन्नति प्राप्त करने वाले सभी व्याख्याता तथा प्रधान पाठक वर्तमान में प्राचार्य पद का ही वेतन और पे स्केल प्राप्त कर रहें हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने शासन से मांग की हैं कि, प्राचार्य पदोन्नति के तुरंत बाद टी एवं ई संवर्ग के समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विषयवार व्याख्याता के रिक्त समस्त पदों पर उच्च वर्ग शिक्षक तथा शिक्षक संवर्ग से व्याख्याता पद पर पदोन्नति की जावें, साथ ही पूर्व माध्यमिक शालाओं एवं प्राथमिक शालाओं में रिक्त प्रधान पाठक के समस्त पदों पर सहायक शिक्षक संवर्ग/शिक्षक संवर्ग से नये शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के पूर्व पदोन्नति की जावें, ताकि प्रदेश के समस्त शालाओं में प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठकों,शिक्षकों के पद पर पदोन्नति होने से प्रदेश की समूची शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। प्रदेश के इन सभी व्याख्याता, प्रधान पाठकों, शिक्षकों को पदोन्नति मिलने से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में समुचित सुधार आएगा तथा राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहें समस्त कार्यों एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए किये जा रहें कार्यों को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सकेगा ।

## 'बागी 4' का पोस्टर आउट, टाइगर बोले- 'जिसने मुझे पहचान दी, अब वही पहचान बदलेगा'

मुंबई । अभिनेता टाइगर श्रॉफ अपनी अपकमिंग फिल्म 'बागी 4' में एक अलग अंदाज में एक्शन करते नजर आएंगे। अपने जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से जुड़ा एक दमदार पोस्टर शेयर कर अभिनेता ने बताया कि इस बार अदायगी हटकर होगी। इंस्टाग्राम पर अपनी बहुप्रतिक्षित फिल्म 'बागी 4' का पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में फिल्म से जुड़ी हिंट भी दी। उन्होंने लिखा, जिस फ्रैंचाइजी ने मुझे पहचान दी और मुझे खुद को एक एक्शन हीरो के तौर पर साबित करने का मौका दिया, वही फ्रैंचाइजी अब मेरी पहचान बदल रही है। इस बार वह एकदम अलग है और मुझे उम्मीद है कि आप लोग उसे उसी तरह स्वीकार करेंगे, जैसे 8 साल पहले करते थे। शेयर किए गए क्लोजअप पोस्टर में टाइगर सख्त अंदाज में नजर आए। उनके चेहरे पर जहां खून के निशान हैं, वहीं आंखों में निडरता दिखाई दी। 'बागी 4' के नए पोस्टर को देखकर उनके प्रशंसकों के साथ ही फिल्म जगत के सितारे भी उत्साहित नजर आए। अभिनेत्री मौनी रॉय ने लिखा, डांसर और कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा ने फायर इमोजी डाले। टाइगर की मां आयशा श्रॉफ ने लिखा, जन्मदिन का बेस्ट तोहफा। अभिनेता दर्शन कुमार ने लिखा, किलर, जन्मदिन मुबारक भाई। फिल्म 'बागी 4' से डेब्यू को तैयार हरनाज सिंधू ने जन्मदिन की बधाई देते हुए टाइगर के किरदार का जिक्र करते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे रॉनी। अर्जुन कपूर ने उत्सुकता जाहिर करते हुए लिखा, आतंक। अभिनेता फ्रेडी दारुवाला ने लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं टाइगर! हमेशा शाइन करते रहें दोस्त। इस बीच, अभिनेता टाइगर श्रॉफ का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी टीम के बीच केक काटते दिखाई दिए। टाइगर श्रॉफ के हेयर स्टाइलिस्ट अमित यशवंत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें अभिनेता केक काटते और उनकी पूरी टीम उन्हें बधाई देती नजर आई। अमित ने शेयर किए गए वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा,हैप्पी बर्थडे भाई।

वीडियो में टाइगर टीम के साथ हंसी-मजाक करते कैमरे में कैद हुए। 'बागी 4' में टाइगर के साथ संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू समेत अन्य कलाकार अहम भूमिका में नजर आएंगे। ए. हर्षा के निर्देशन में बनी 'बागी 4' इस साल 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म का निर्माण किया है। जानकारी के अनुसार 'बागी 4' के अलावा टाइगर के पास 'हाउसफुल 5' भी है, जिसमें उनके साथ अभिनेता अक्षय कुमार के साथ ही अन्य सितारे भी अहम भूमिका में हैं।

## विद्या बालन ने एआई द्वारा बनाई गई भ्रामक सामग्री की आलोचना की



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने एआई द्वारा बनाई गई भ्रामक सामग्री की आलोचना की है। विद्या बालन ने उनकी समानता वाले एक वायरल वीडियो के प्रसार को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया है कि यह एआई-जनरेटेड है और उनके विचारों या काम को प्रतिबिंबित नहीं करता है। इंस्टाग्राम पर उन्होंने बयान जारी कर लोगों से साझा करने से पहले सामग्री को सत्यापित करने और भ्रामक एआई-जनित सामग्री के प्रति सचेत रहने का आग्रह किया। विद्या ने स्थिति को समझाते हुए एक वीडियो पोस्ट साझा किया और लिखा, वर्तमान में सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें मुझे दिखाया गया है। हालांकि, मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि वीडियो एआई-जनरेटेड और अप्रमाणिक हैं। इसके निर्माण या प्रसार में मेरी कोई भागीदारी नहीं है, न ही मैं किसी भी तरह से इसकी सामग्री का समर्थन करती हूं। वीडियो में किए गए किसी भी दावे का श्रेय मुझे नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह मेरे विचारों या काम को प्रतिबिंबित नहीं करता है। मैं सभी से साझा करने से पहले जानकारी को सत्यापित करने और भ्रामक एआई-जनित सामग्री से सावधान रहने का आग्रह करती हूं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बुलंदशहर की बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में 1 मार्च 2025 को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक संरक्षक डॉ. विक्रम सिंह के आवास पर आयोजित की गई। राष्ट्रीय सचिव ठा. पृथ्वीराज सिंह के निर्देशन में जिलाध्यक्ष ठा. लोकेंद्र पाल सिंह ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में ठा. सत्येंद्र पाल सिंह उपाध्यक्ष, ठा. सुनील कुमार सिंह चौहान महासचिव, ठा. अजय सिंह कोषाध्यक्ष, ठा. मुनेश पाल सिंह और ठा. पुष्पेंद्र सिंह गौर जिला मंत्री, ठा. राजेंद्र सिंह और ठा. ओमवीर सिंह जिला संगठन मंत्री, तथा ठा. मनोज कुमार सिंह को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसके अलावा, नरेंद्र सिंह चौहान और कुलदीप सिंह को संगठन की सदस्यता दी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर और मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। बैठक में महासभा को समाज हित में प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही, 9 मार्च 2025 को होली मिलन समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में महासभा को मजबूत करने और क्षत्रिय समाज की एकता पर विचार-विमर्श किया गया। अंत में जिलाध्यक्ष ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## समाजसेवी अनुज शर्मा की बेटी गौरी शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर के खानपुर क्षेत्र के ग्राम अमरपुर में समाजसेवी अनुज शर्मा की बेटी गौरी शर्मा का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटा गया और सभी ने गौरी के उज्जवल भविष्य की कामना की। जन्मदिन पर विभिन्न उपहार और चॉकलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में बैनामा लेखक रविदत्त शर्मा, एडवोकेट सरला देवी, अनीता कौशिक, ललित शर्मा, संदीप कौशिक, देव कौशिक, सर्वेश कुमार, भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनुज शर्मा, सोनी शर्मा, गौरव शर्मा, नितिन शर्मा, शिवम शर्मा, शिवानी शर्मा, पीहू शर्मा, बबीता शर्मा, ज्योति शर्मा, राखी शर्मा, हितेश शर्मा, कुनाल शर्मा, तनुजा शर्मा, विहान शर्मा, श्रद्धा शर्मा, भूमि शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर में वांछित दो अभियुक्त अवैध चाकू सहित गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। शिकारपुर के सलेमपुर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधियों को दो अवैध चाकुओं सहित गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्त थाना सलेमपुर पर पंजीकृत मुअसं- 56/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विष्णु गिरी (पुत्र लोकेश गिरी, निवासी रंगपुर, थाना सलेमपुर, जनपद बुलंदशहर) और देवेंद्र (पुत्र सोहनपाल, निवासी मोहल्ला लोधान, थाना जहांगीराबाद, जनपद बुलंदशहर) के रूप में हुई। इनके खिलाफ थाना सलेमपुर पर मुअसं- 60/25 और 61/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी लोकेश अग्निहोत्री, एसआई विजय कुमार यादव, एसआई कोमल सिंह, एसआई संतोष कुमार मिश्रा, एसआई विशाल चौधरी, गुलफाम और अभिषेक त्यागी शामिल रहे।

## मैरिज होम में युवती से दुष्कर्म का प्रयास, तीन आरोपियों पर केस दर्ज




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी नगर स्थित एक मैरिज होम में शादी समारोह के दौरान पुष्प बरसाने आई युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। घटना के अनुसार, शादी के बाद रात अधिक होने के कारण युवती को वाहन न मिलने पर मैरिज होम में ही रुकना पड़ा। इसी दौरान दो युवकों ने उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। किसी तरह बचकर युवती खाई में छिप गई और बाद में एक वाहन चालक की मदद से कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 3(5), 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही, मामले की जांच के लिए मैरिज होम में लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश राजभवन में ऐतिहासिक रात्रिभोज, विधायकों के बीच सौहार्दपूर्ण संवाद





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

लखनऊ/बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की मेजबानी में राजभवन में एक ऐतिहासिक रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के सभी दलों के विधायकों ने भाग लिया। यह आयोजन अपने तरह का पहला था, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता एक मंच पर एकत्र हुए। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सभापति विधान परिषद श्री कुंवर मानवेन्द्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं श्री ब्रजेश पाठक, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद श्री लाल बिहारी यादव, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा श्री माता प्रसाद पाण्डेय सहित प्रदेश के सभी मंत्रीगण और विधायकों ने सहभागिता की। सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह जी भी अपने साथी विधायकों के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विधायकों से संवाद किया और प्रदेश की राजनीति में सहयोगात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर बल दिया। इस आयोजन ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विधायकों को एक सकारात्मक माहौल में मिलने का अवसर प्रदान किया। राजभवन में आयोजित इस रात्रिभोज ने प्रदेश की राजनीतिक संस्कृति में एक नई परंपरा की शुरुआत की, जिसमें सभी दलों के जनप्रतिनिधियों ने आपसी मतभेदों को दरकिनार कर सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत की।

यह आयोजन प्रदेश की राजनीति में आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## प्राइवेट अस्पताल में लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो वायरल, पुलिस की एकतरफा कार्रवाई पर सवाल




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीराबाद (सचिन शर्मा)। जहांगीराबाद में एक निजी अस्पताल में मरीज के तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें अस्पताल स्टाफ को लाठी-डंडे लेकर तीमारदारों के पीछे भागते हुए देखा जा सकता है। घटना वेदांता अस्पताल की बताई जा रही है, जहां मरीज को इलाज के लिए लाया गया था। इलाज से पहले फीस जमा करने की बात पर तीमारदारों ने डॉक्टर को बुलाने की मांग की, जिससे अस्पताल स्टाफ से उनकी बहस हो गई। देखते ही देखते यह विवाद रिसेप्शन से सड़क तक आ पहुंचा और हिंसक झड़प में बदल गया। अस्पताल स्टाफ ने लाठी-डंडों से लैस होकर तीमारदारों का पीछा किया, जिससे बचने के लिए वे पास के एक अन्य निजी अस्पताल में घुस गए, लेकिन वहां भी स्टाफ ने उन पर हमला कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज नितिन जावला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। लेकिन इसके बाद पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए सिर्फ मरीज के तीमारदारों पर धारा 151 के तहत चालान कर दिया, जिससे पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। इस घटना का एक और वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अस्पताल स्टाफ को एक ब्लैक स्कॉर्पियो के शीशे तोड़ते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि लाठी-डंडों से गाड़ी को नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

पुलिस की एकतरफा कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

# हमारा दुर्भाग्य, हमारे ईंट भट्टे एनसीआर में- संजय गोयल







**संजय गोयल, जिला अध्यक्ष ईंट भट्टा संघर्ष समिति**

**नियमानुसार उत्पादन केवल चार महीने तो सरकारी टैक्स व अन्य खर्चे बारह महीने क्यों, सरकार टैक्स में दे छूट।**




**अमित कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष ईंट भट्टा संघर्ष समिति**

**एनसीआर के बाहर से अवैध रूप से आने वाली ईंट की ट्रालियां आनी हो बंद, साइज छोटा और अच्छी क्वालिटी ना होने के कारण सस्ते में बेचकर चले जाते हैं यह लोग, एनसीआर में हम लोगों की बिक्री होती है प्रभावित।**



**राघवेंद्र सिंह, जिला प्रभारी ईंट भट्टा संघर्ष समिति।**

**एनसीआर में ईंट भट्टों पर लगे नियम कानून हटने चाहिए, प्रदेश में ईंट भट्टों के लिए हो एक समान कानून।**



**हरिओम शर्मा जिला सचिव, ईंट भट्टा संघर्ष समिति।**

**एनसीआर के बाहर से आने वाली ईंट साइज में भी छोटी होती हैं व वजन भी होता है कम।**

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। ईंट भट्टा संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष और भारत ईंट उद्योग के स्वामी संजय गोयल ने एनसीआर में स्थित ईंट भट्टों की समस्याओं को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भट्टों के लिए कोई सुविधाएं नहीं हैं, बल्कि एनसीआर के कड़े नियम-कानून, अफसरशाही की सख्ती और असामाजिक तत्वों द्वारा ब्लैकमेलिंग के कारण भट्टा स्वामी गंभीर आर्थिक संकट और मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। करोड़ों रुपए के निवेश के बावजूद यह लघु उद्योग बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। संजय गोयल ने बताया कि कानून के तहत भट्टे वर्ष में केवल चार महीने, 1 मार्च से 30 जून तक ही उत्पादन कर सकते हैं, लेकिन एनसीआर से लगी सीमाओं पर स्थित ईंट भट्टे इस नियम का लाभ उठाते हुए अवैध रूप से लाखों ईंटें ट्रॉलियों में भरकर पहले ही एनसीआर में बेच देते हैं। इससे स्थानीय भट्टों की बिक्री प्रभावित होती है। इसके अलावा, चार महीने के उत्पादन में भी पूरे साल के खर्चे जैसे भट्टा किराया, जमीन किराया, कर्मचारियों के वेतन और सरकारी टैक्स चुकाने पड़ते हैं। बारिश के दौरान खुले में रखी कच्ची ईंटें गलने से लाखों रुपए का नुकसान भी होता है। उन्होंने कहा कि यह लघु उद्योग लाखों लोगों की रोजी-रोटी से जुड़ा हुआ है और हजारों लोगों को रोजगार देता है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में इसे बचा पाना मुश्किल हो रहा है। संजय गोयल ने मांग की कि बुलंदशहर जिले के सभी ईंट भट्टों को एनसीआर के नियमों से बाहर किया जाए और भट्टा स्वामियों को किसानों की तर्ज पर मुआवजा दिया जाए।

उन्होंने कहा कि जल्द ही सरकार के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा जाएगा, ताकि इस उद्योग को संकट से उबारा जा सके।

## पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कृषि प्रसार कार्यक्रम आयोजित, स्वयं सहायता समूहों को मिला ऋण






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में 1 मार्च को जिला पंचायत सभागार में पंजाब नेशनल बैंक के बुलंदशहर मंडल कार्यालय द्वारा कृषि प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण और कृषि अवसंरचना निधि योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना उपस्थित रहे। साथ ही, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उपआयुक्त श्री सूबेदार सिंह यादव, जिला मिशन प्रबंधक श्री मनीष जैन, पंजाब नेशनल बैंक के प्रधान कार्यालय दिल्ली से महाप्रबंधक श्री सुमेश कुमार, मंडल प्रमुख श्री नीरज सिन्हा, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अभिषेक गुप्ता सहित बैंक के अधिकारी, ब्लॉक स्तर के कर्मचारी और बैंक सखियों समेत करीब 300 लोगों ने इसमें भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने बैंक के इस प्रयास की सराहना करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर जिले के लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उपआयुक्त श्री सूबेदार सिंह यादव ने भी बैंक के प्रयासों की प्रशंसा की और समूह के बचत खाता खोलने में आ रही समस्याओं से बैंक को अवगत कराया। मंडल प्रमुख ने आश्वासन दिया कि बैंक भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा और ऋण वितरण एवं खाता खोलने में सहायता प्रदान करेगा। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि 17 फरवरी से 1 मार्च तक चलने वाले इस अभियान में स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान किए गए, और उन्हें ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे गए।

इस अवसर पर 30 स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट स्वीकृति पत्र तथा कृषि अवसंरचना निधि के तहत 5 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही, जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक सखियों, ब्लॉक अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों, शाखा प्रबंधकों और कृषि अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

## डी.एन.पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी के देवनागरी महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश में रमन स्पेक्ट्रो फोटोमीटर के महत्व को बताया, जिससे जैविक पदार्थों के प्रोटीन और न्यूक्लिक एसिड का अध्ययन किया जाता है। रसायन विज्ञान प्रभारी डॉ. विनीता गर्ग ने विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए आविष्कार जनमानस के लिए लाभदायक होते हैं। भौतिक विज्ञान प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर नरेश कुमार ने सर सी.वी. रमन और उनकी खोज रमन प्रभाव की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत की।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार सिंह ने नोबेल पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल के योगदान पर प्रकाश डाला। गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्याम प्रकाश और हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरीश कसाना ने विज्ञान के महत्व और समाज में उसकी भूमिका पर विचार रखे। इस अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बी.एस-सी. प्रथम वर्ष के छात्र आर्यन कुमार और गोविंद सिंह बोरा ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय वर्ष की छात्रा मानसी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में प्रो. अतुल तोमर, डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. संदीप कुमार सिंह, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, कृष्ण कुमार, शशि कपूर सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# उत्तर रेलवे में योग महोत्सव-2025 हर्षोल्लास से सम्पन्न

## केवल मुस्कुराने से आप तनाव मुक्त,युवा एवं सुंदर बने रहते हैं- योगी प्रवीण आर्य





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

गाजियाबाद- संकेत एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केन्द्र उत्तर रेलवे गाजियाबाद में सत्य योग आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में योग महोत्सव-2025 हरि प्रसाद (प्राचार्य एसटीटीसी उ.रे.) की अध्यक्षता में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अपने उद्बोधन में योग के प्रति जागरुक रहने की प्रेरणा दी। योग सत्र का प्रारंभ योगी प्रवीण आर्य ने ओ3म् की ध्वनि एवं गायत्री मंत्र से किया उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को विरेचन क्रिया एवं आर्ट ऑफ लिविंग भस्त्रिका के साथ हाथों पैरों के सूक्ष्म व्यायाम तथा रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और हार्ट को मजबूत करने के अभ्यास कराये।उन्होंने मुस्कुराने के लाभों की प्रैक्टिकल चर्चा करते हुए बताया कि केवल मुस्कुराने से आप तनाव मुक्त,युवा एवं सुंदर बने रहते हैं। विशेष आमंत्रित डॉ वीरपाल विद्यालंकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप जो यह रेलवे का प्रशिक्षण लेकर जनता के बीच कार्यक्षेत्र में उतरेंगे वहां मनोयोग एवं एकाग्रता का होना इस कार्य में आवश्यक है जोकि

### ध्यानयोग के माध्यम से प्राप्त होगी एकाग्रता- डा वीरपाल विद्यालंकार

### ध्यानयोग ही जीवन का आधार-डा दानवीर विद्यालंकार

आपको ध्यानयोग के माध्यम से प्राप्त होगी। समयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ.दानवीर विद्यालंकार के सानिध्य में योग मर्मज्ञा पूजा वर्मा ने योग का सुन्दर प्रदर्शन किया जोकि सत्र में आकर्षण का केंद्र रहा।उन्होंने ध्यान योग कराया ध्यान के लाभों की विस्तृत चर्चा करते हुये बताया कि ध्यानयोग ही जीवन का आधार है। इसी के माध्यम से आप एकाग्रचित होकर कार्य कर सकेंगे।उन्होंने तालासन एवं हास्यासन भी कराये। समारोह के मुख्य वक्ता स्वदेशी आयुर्वेद के निदेशक डॉ. आर के आर्य ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा की पूरी दुनियां में योग का डंका बज रहा है योग महोत्सव में जो कुछ आपने यहाँ योग विशेषज्ञों से सीखा है उसे जीवन में बनाये रखें ताकि सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। यदि अपने योग को अपनाया और अपने परिवार में सब को सिखाया तो आप सभी निरोगी एवं स्वस्थ बने रहेंगे। मुख्य अतिथि मदनलाल हरित समाजसेवी ने कहा कि योग हमारी प्राचीन धरोहर है जिसको बाबा रामदेव ने योग के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा की है।उन्होंने योग प्रदर्शन को देखकर प्रसन्नता व्यक्ति और ओम के गूंजार के लाभों की चर्चा की। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने सुमधुर संगीत योग गीत एवं चलते चलो मुसाफिर पुरुषार्थ के सहारे मंजिल तुम्हें पुकारे,योग सत्र को अपने भजन के माध्यम से पुरुषार्थी बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर सर्वश्री डॉ राज योगी,चौधरी मंगल सिंह,डॉ प्रमोद सक्सेना एवं विशिष्ठ अतिथि प्रो ज्योति राघव आदि ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री राकेश कुमार, रंजन शाह, राजेंद्र कुमार, नंदकिशोर, सुभाष चंद्र, सतीश कुमार सिंह एवं फैजान अहमद का सहयोग रहा। मंच का कुशल संचालक कर रहे डॉ. अग्नि देव शास्त्री ने धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति पाठ से सर्वम शांति की कामना की।

# हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## जनपद की तीनो तहसीलो में प्राप्त हुई 68 शिकायतें, 08 का मौके पर कराया गया निस्तारण







उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़- (पुष्पेन्द्र कुमार) धौलाना तहसील में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा के नेतृत्व में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।इस दौरान धौलाना तहसील दिवस में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। उपजिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसीलदार धौलाना को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में भूमि, चक रोड पर कब्जा से संबंधित जो भी शिकायत प्राप्त हुई हैं उनमें स्वयं मौके पर जाकर जांच करें, जांच के उपरांत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाये द्य इसी के साथ उप जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए की तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं उनका आगामी तहसील दिवस से पूर्व निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे उन समस्याओं को बार-बार न दोहराया जाए द्य इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी, तहसीलदार धौलाना, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही गढ़मुक्तेश्वर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जहां पर 23 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 01 का निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराया गया।

इसी क्रम में हापुड़ तहसील की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी श्री संदीप कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए हापुड़ तहसील दिवस में 17 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 का निस्तारण किया गया।

# सिकंदराबाद में फायरिंग के तीन आरोपी गिरफ्तार, अवैध हथियार और कार बरामद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। सिकंदराबाद थाना क्षेत्र में 27 फरवरी को हुई फायरिंग की घटना में वांछित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामला 28 फरवरी को वादी टीनी भाटी द्वारा दर्ज कराया गया था, जिसमें उनके पिता लेखराज सिंह को दनकौर रोड पर स्विफ्ट कार सवार बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कर्नल, विजय और इंद्रजीत के रूप में हुई है, जो गौतमबुद्ध नगर के लुक्सर क्षेत्र के निवासी हैं। इनके खिलाफ सिकंदराबाद थाने में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अभी एक अन्य फरार आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपियों के पास से एक स्विफ्ट कार ,[DL-3CCZ-2283] एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे, जब रास्ते में साइड न मिलने पर उन्होंने पीड़ित पर गोली चला दी और फरार हो गए। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य आरोपी कर्नल के खिलाफ पहले से ही गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर में कई मामले दर्ज हैं। विजय और इंद्रजीत का भी आपराधिक इतिहास सामने आया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी अनिल कुमार शाही, निरीक्षक सरजेश कुमार, उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार, यतेन्द्र शर्मा और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# युवा पत्रकार जे. पी. गुप्ता को वैवाहिक वर्षगांठ पर दी गई शुभकामनाएं



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। युवा पत्रकार जे. पी. गुप्ता की वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला महामंत्री संजय गोयल, जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार हितेश कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जे. पी. गुप्ता के विशेष आयोजन के रूप में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अतिथियों ने भाग लिया और बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति और श्रद्धा के इस माहौल में समस्त उपस्थितजनों ने परिवार के मंगलमय जीवन की कामना की और भगवान हनुमान से सभी पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने जे. पी. गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी को शुभाशीष दिया तथा उनके दांपत्य जीवन में खुशहाली, समृद्धि और आनंद की कामना की। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया और सभी अतिथियों ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह आयोजन केवल एक पारिवारिक उत्सव ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सद्भाव का प्रतीक भी बना। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इस अवसर पर आपसी मेल-जोल और सौहार्द को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

# जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ ए०एच०टी०यू० की संयुक्त टीम ने रुकवाया बाल विवाह,बालिका को वधू बनने से बचाया।



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़- (पुष्पेन्द्र कुमार) अपर जिलाधिकारी हापुड़ एवं 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन हेड क्वाटर लखनऊ से प्राप्त निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में एक बाल विवाह की सूचना पर जिला बाल संरक्षण इकाई की सामाजिक कार्यकर्ता हुमा चौधरी ,चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर श्री जीतू , थाना॥ झ टीम एवं संबंधित थाना बाबूगढ़ पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे जहां पर देखा कि उक्त विवाह की तैयारियां चल रही थी तथा बारात आज दिन में आने वाली थी।टीम द्वारा बालिका के पिता से बात की गई तथा बालिका के परिवार से बालिका की आयु के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, जिस पर बालिका के परिवार द्वारा बालिका की आयु संबंधी कोई प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया तथा जानकारी करने पर यह भी पता चला कि बालिका का पूर्व पोस्को एक्ट के अंतर्गत थाना बाबूगढ़ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज है जिसमें बालिका नाबालिग है बालिका की उम्र लगभग 15 वर्ष है जो कि विवाह हेतु योग्य नहीं है ।टीम के द्वारा बालिका के पिता को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी देते हुए इसके दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया । संयुक्त टीम के द्वारा उक्त बाल विवाह को रुकबाते हुए बालिका को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिती हापुड़ के समझ प्रस्तुत किया गया जहां पर कार्यवाही चल रही है।

# मदर ऑन व्हील्स पहल के ध्वजारोहण समारोह का आयोजन आज मुख्यमंत्री कार्यालय, दिल्ली में हुआ।

## मदर ऑन व्हील्स का भव्य ध्वजारोहण- मातृत्व, आत्मनिर्भरता और साहस की ऐतिहासिक यात्रा का शुभारंभ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
ब्यूरो ग्रेटर नोएडा

आज दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय में मदर ऑन व्हील्स पहल के ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने उन पाँच प्रेरणादायक माताओं की उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाया, जो भारत से दक्षिण-पूर्व एशिया और फिर ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूज़ीलैंड तक एक स्व-चालित कार अभियान पर निकल रही हैं। यह पहल दुनिया भर की माताओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है। मदर ऑन व्हील्स एक पहल है जिसे फाउंडेशन फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (FHD) द्वारा शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य यात्रा के माध्यम से माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को समझना और इस विषय पर जागरूकता बढ़ाना है कि कैसे माताएँ बच्चों को नैतिक मूल्यों के साथ बड़ा करने में योगदान देती हैं। यह पहल यह भी दर्शाती है कि माँ का प्रभाव किसी भी बच्चे के समग्र विकास में कितना महत्वपूर्ण होता है। इस भव्य आयोजन में दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही पद्म भूषण सम्मानित, सोनल मानसिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रही थीं। गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ, डॉ. ध्रुव गलगोटिया इस पहल के प्रमुख ज्ञान साझेदार (Chief Knowledge Partner) के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान, डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने मदर ऑन व्हील्स पहल के महत्व पर एक प्रभावशाली भाषण दिया। जिसमें उन्होंने इस पहल को महिलाओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में सार्थक योगदान दे सकें। डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा, यह यात्रा केवल एक सड़क यात्रा नहीं है—बल्कि यह आत्मनिर्भरता और साहस का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाती है कि मातृत्व की भूमिका सार्वभौमिक है, जो संस्कृतियों, भौगोलिक सीमाओं और पीढ़ियों से परे है। ये पाँच माताएँ अपने साहसी कदमों के माध्यम से एक सशक्त संदेश दे रही हैं- जब जुनून, धैर्य और उद्देश्य एक साथ आते हैं, तो कुछ भी असंभव नहीं होता। साथ साथ हम आपको बताते चलें कि अभी हाल ही में गलगोटिया विश्वविद्यालय और मदर्स ऑन व्हील दिल्ली ने एक महत्वपूर्ण समझौते पर अपने हस्ताक्षर किये हैं। इस एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में माधुरी सहस्त्रबुद्धे, एफएचडी की संस्थापक सदस्य और हस्ताक्षर प्राधिकारी, शीतल देशपांडे (एफएचडी) गवाह के रूप में, तथा अन्य टीम सदस्यों के साथ उपस्थित रहीं। गलगोटिया विश्वविद्यालय के प्रो0 अवधेश कुमार, प्रो-वाइस चांसलर ने हस्ताक्षर प्राधिकारी के रूप में भाग लिया, जबकि डॉ. अमृता त्यागी ने समन्वयक की भूमिका निभाई और विनिता विश्वकर्मा, अतिरिक्त डीन (अनुसंधान), गलगोटियास विश्वविद्यालय, गवाह के रूप में उपस्थित रहीं। यह समझौता अकादमिक और अनुसंधान सहयोग से जुड़ी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए किया गया है, जो दोनों पक्षों के आपसी हित में हैं। GU और मदर्स ऑन व्हील्स के बीच नई कौशल विकास पहल, अनुसंधान सहयोग, विनिमय कार्यक्रम तथा अन्य परस्पर लाभकारी गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मदर्स ऑन व्हील्स, सामाजिक विज्ञान के छात्रों के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम, करियर डेवलपमेंट प्रोग्राम (CDP) और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगा, जिससे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव मिल सके। इस द्विपक्षीय समझौते में आज के इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सोनल मानसिंह ने अपने संबोधन में इस पहल की सराहना की और लैंगिक समानता प्राप्त करने में सांस्कृतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि गतिशीलता (Mobility) कैसे जीवन को बदल सकती है, महिलाओं को बाधाएँ तोड़ने और समाज में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बना सकती है। दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में इस प्रकार की पहलों के प्रति सरकार के समर्थन को दोहराया और राष्ट्र निर्माण में माताओं की भूमिका के महत्व को रेखांकित किया। नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को प्रेम और सम्मान के प्रतीक स्वरूप शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मदर्स इन व्हील्स की संस्थापक, मधुरी सहस्त्रबुद्धे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन माननीय मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता, पद्म भूषण सम्मानित सोनल मानसिंह, और गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ, डॉ. ध्रुव गलगोटिया द्वारा प्रतीकात्मक ध्वजारोहण (Flag Off) के साथ हुआ, जो महिलाओं के सशक्तिकरण की इस नई यात्रा की शुरुआत को चिह्नित करता है।

# बंद मकान का ताला तोड़ लाखों को नगदी-जेवर चुराए



गाजियाबाद ।दुहाई स्थित खाटू श्याम एनक्लेव में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के नगदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त पीड़ित परिवार हापुड़ गया हुआ था। पड़ोसी की सूचना पर घटना का पता चला। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर पता चला कि बाइक पर आए तीन चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। मधुबन बापूधाम पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर फुटेज की मदद से चोरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। शाहपुर रोड, दुहाई स्थित खाटूश्याम एनक्लेव में रहने वाले संजय कुमार का कहना है कि वह अपने पते पर करीब 12 साल से परिवार के साथ रह रहे हैं। यह उनका निजी मकान है। संजय कुमार के मुताबिक 24 फरवरी की सुबह करीब साढ़े दस बजे वह मकान पर ताला लगाकर पत्नी-बच्चों के साथ हापुड़ में आयोजित कुआं पूजन में गए थे। एक घंटे बाद ही पड़ोसी ने फोन करके घर का ताला टूटा होने तथा सामान बिखरा पड़ा होने के बारे में बताया। संजय कुमार का कहना है कि वह आनन-फानन में घर पहुंचा तो सूचना सही मिली। घर के ताले टूटे और सामान बिखरा हुआ था। साथ ही अलमारी भी खुली हुई थी। चेक करने पर अलमारी में रखे लाखों रुपये से सोने-चांदी के जेवर तथा 12 हजार रुपये गायब मिले। घटना के संबंध में डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद मधुबन बापूधाम पुलिस मौके पर पहुंची। संजय कुमार के मुताबिक आस-पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला कि एक बाइक पर तीन लड़के आए और ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। घटना के संबंध में पीड़ित ने मधुबन बापूधाम थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसीपी कविनगर स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया भव्य स्वागत









उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष पंडित अखिलेश गॉड जी के सानिध्य में समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर परम प्रिय सी. पी. भारद्वाज जी को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, परम सम्मानित चंद्रभान शर्मा जी को प्रदेश संगठन मंत्री एवं परम आदरणीय मंगलसेन पंडित जी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर समाज में हर्ष का माहौल रहा। समारोह में जिला कार्यकारिणी के संरक्षक पंडित योगराज शर्मा जी (वरिष्ठ कार्यकर्ता, शांतिकुंज हरिद्वार), वरिष्ठ के. सी. शर्मा जी, पंडित राजेंद्र शर्मा जी (असावरी वाले), विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पंडित सुबोध शर्मा (दिनेश), जिला महामंत्री पंडित विकास व्यास जी, पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित आर. डी. शर्मा जी, के. के. शर्मा जी (पूर्व प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष), पंडित राजपाल भारद्वाज, पंडित अशोक शर्मा (कैलाशपुरी), पंडित राकेश शर्मा (पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री), पंडित वरुण शर्मा (जिला उपाध्यक्ष), पंडित राकेश शर्मा (धतूरी वाले, जिला उपाध्यक्ष), पंडित पंकज शर्मा (हाथरस स्वीट्स, जिला संगठन मंत्री), पंडित गोपाल शर्मा (एन. एस. फोटो स्टूडियो, जिला संगठन मंत्री), पंडित ललित शर्मा (लंबी पंडित जी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष), पंडित अजय शर्मा (जिला कोषाध्यक्ष, शर्मा टायर सर्विस), पंडित संजय शर्मा (जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ), पंडित शैलेंद्र शर्मा (पूर्व मंडल महामंत्री), पंडित सुशील शर्मा (सुरजावली वाले), पंडित पंकज शर्मा (पूर्व नगर अध्यक्ष), पंडित मुकेश शर्मा (गांव धतूरी), वरिष्ठ पत्रकार पंडित विपिन शर्मा (दैनिक जागरण), पंडित अंकुर शर्मा और पंडित अनुज शर्मा (अनुज गैस एजेंसी) सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला और परशुराम जी का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया गया और समाज की एकता व उन्नति के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भगवान परशुराम जी से समाज की खुशहाली और सभी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी ब्राह्मण बंधुओं ने एकजुटता और संगठन की मजबूती का संदेश दिया। इस सम्मान समारोह ने समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के उपलक्ष्य मे महिला सशक्तिकरण को समर्पित सामाजिक संगठन ने बिसरख स्वास्थ्य केंद्र में जन्मी बच्ची का स्वागत किया।

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो ग्रेटर नोएडा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के उपलक्ष्य मे महिला सशक्तिकरण को समर्पित सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था ने 1 मार्च 2025 से 12 मार्च 2025 तक आयोजित 12 दिवसीय महिला जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए बिसरख स्वास्थ्य केन्द्र पर जन्मी नवजात बच्चियों का स्वागत किया। नवजात बच्चियों को स्वागत किट देते हुए संस्थापक डा.राहुल वर्मा ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब बेटे और बेटियों मे भेदभाव खत्म करना होगा क्योंकि आज बेटियां भी समाज देश का मान बढा रही है इसलिए बेटियों के जन्म पर खुशी मनाने का संदेश देने के लिए संगठन नवजात बच्चियों को हेल्थ किट देकर उनका स्वागत करता है। महासचिव अनिल भाटी ने बताया कि संगठन अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 12 दिवसीय महिला जागरूकता अभियान चला रहा है जिसके अन्तर्गत संगठन द्वारा विचार



गोष्ठी, नुक्कड नाटक, नारी चौपाल लगाकर महिला शिक्षा-सुरक्षा-सम्मान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे ।इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सचिंद्र मिश्रा, डा सत्यार्थ, अरविंद चौधरी , गुरजिंदर कौर आदि सदस्य मौजूद रहे

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के एनसीसी विंग और अर्थवन फाउंडेशन की ओर से रविवार को कॉलेज परिसर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ वत्सला मिश्रा और लेफ्टिनेंट डॉ रीना सचान ने किया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण प्रदूषण को बढ़ावा देता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने दैनिक जवीन में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। फाउंडेशन की और कपड़े के थैल वितरित करके स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। फाउंडेशन की सचिव डॉ कंचन मिश्रा, राजीव शुक्ला, मोहिता, सुषमा सिंह मौजूद रहीं।

## 3,481 गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।आरटीई के तहत तीन चरणों में जिले के 3481 बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिया जा चुका है। चौथे चरण के लिए आवेदन एक मार्च से शुरू है और 19 मार्च तक लिए जाएंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी 20 से 23 मार्च तक आवेदन पत्रों का सत्यापन करेंगे और 24 मार्च को लॉटरी निकाली जाएगी। 27 मार्च तक अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। पहले चरण में 1881, दूसरे चरण में 1030 जबकि तीसरे चरण में 570 तहत गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में कक्षा एक और पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश दिलाया जा चुका है।

## पोस्टमार्टम हाउस के गेट पर गड्ढा होने से बढ़ी परेशानी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।एसआरएन अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम हाउस तक आने-जाने वालों की राह कठिन हो गयी है। यहां तक कि एंबुलेंस को भी पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचने में दिक्क्त हो रही है।अस्पताल परिसर में वाटर पाइप लाइन बिछाने के लिए पोस्टमार्टम हाउस के गेट पर ही बड़ा गड्ढा खोद दिया गया है। यह गड्ढा लगभग एक माह पहले खोदा गया था, जिसे कार्यदायी संस्था की ओर से समतल नहीं किया गया है। पोस्टमार्टम हाउस के गेट पर गड्ढा होने से शवों को लाने व ले जाने की परेशानी हो रही है। एक दिन में लगभग 10 से 12 शव पोस्टमार्टम के लिए आते हैं साथ ही 500 से अधिक लोगों का आवागमन होता है।

## एसआरएन में लगाए गए आरओ वाटर प्लांट



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।एसआरएन अस्पताल में मरीजों को अब पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए अस्पताल परिसर में चार स्थानों पर आरओ वाटर प्लांट लगाएं गए हैं। प्रत्येक वाटर प्लांट के आठ से दस टोटियां लगी हैं। इससे मरीजों और तीमारदारों की पानी को लेकर समस्या कम हो गयी है। अभी तक मरीजों को शुद्ध पेयजल के लिए बाहर से पानी भी मंगाना पड़ता था। अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी के बगल, पुरानी बिल्डिंग के सामने और पीएमएसएसवाई बिल्डिंग के पास आरओ वाटर प्लांट लगाए गए हैं।

## सोमवार को यूपी बोर्ड की तैयारियों की भी परीक्षा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।नकलविहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए महीनों से तैयारी में जुटे बोर्ड की तैयारियों की परीक्षा भी सोमवार को होगी। शनिवार को हाईस्कूल गणित की परीक्षा बिना किसी बड़ी घटना के तो संपन्न हो गई लेकिन सोमवार को एक साथ बायो और गणित की परीक्षा उससे बड़ी चुनौती होगी। इंटर विज्ञान वर्ग के परीक्षार्थियों की गणित और जीव विज्ञान की परीक्षा एक ही दिन तीन मार्च को होनी है। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 26,90,845 परीक्षार्थियों में से 16,74,717 (62 फीसदी से अधिक) ने विज्ञान वर्ग लिया है। इन विषयों में नकल की सबसे अधिक कोशिशें होती है। कठिन विषय होने के कारण परीक्षार्थी पास होने के लिए हर तरह के प्रयास करते हैं तो नकल माफिया भी इन्हीं विषयों में खास सक्रिय दिखते हैं। ऐसे में नकल माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेरते हुए आठ हजार से अधिक केंद्रों पर नकलविहीन परीक्षा कराना बड़ी चुनौती होगा। गौरतलब है कि हाईस्कूल विज्ञान और अंग्रेजी का पेपर क्रमशः चार और सात मार्च को होना है। छह मार्च को इंटर भौतिक विज्ञान और आठ मार्च को इंटर रसायन विज्ञान की परीक्षा है। नकल के लिहाज से ये पेपर भी संवेदनशील है।

## महाकुंभ में अस्पताल में भर्ती हुए मरीजों को अपनों का इंतजार, नहीं बता पा रहे नाम और पता



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।महाकुंभ में बड़ी संख्या में ऐसे श्रद्धालु थे, जो दूर-दराज से संगम आकर डुबकी लगाने के साथ मजदूरी करके दो जून की रोटी भी कमा रहे थे। लेकिन परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि पिछले कई दिनों से अस्पताल में लावारिस भर्ती हैं। इसमें कुछ मरीज तो अपना नाम पता बता लेते हैं लेकिन कुछ की पहचान बेड नंबर बन गई है। एसआरएन अस्पताल के वार्ड में उनकी निगाहें अपनों को खोज रहीं हैं। मरीजों को भी उम्मीद है कि किसी दिन ठीक होकर अपने घर जाएंगे लेकिन अभी कोई उनका वारिस नहीं आया।बर्न यूनिट में भर्ती 30 वर्षीय सतना के रहने वाले बल्लू ने बताया कि महाकुम्भ में स्नान व काम के सिलसिले में आया था। एक दिन मेले में अलाव तापते समय गिर जाने से जल गया। हालांकि स्थिति अभी सामान्य है। बल्लू केवल अपना पता ही बता पाते हैं। भर्ती अन्य मरीजों का कहना है कि बल्लू को दौरे की बीमारी भी है।इसी तरह पुरुष सर्जरी वार्ड में भर्ती कौशाम्बी पिपरी निवासी 50 वर्षीय रामदास दस दिनों से भर्ती हैं। मेले में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया था। रामदास ने बताया कि उनके 28 वर्षीय बेटे पुत्तीलाल की दो साल पहले असायमिक मौत हो गई थी। पत्नी भी 25 साल पहले साथ छोड़कर चली गई। रामदास के भाई और चाचा गांव में ही रहते हैं लेकिन अभी कोई अस्पताल नहीं आया। रामदास महाकुम्भ में मजदूरी भी करते थे। इसी वार्ड में भर्ती हुकुम सिंह मूल रूप से चिरगांव झांसी के हैं। उन्हें बेहोशी की हालात में लगभग 15 दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

हुकुम ने बताया कि गांव में उनके भाई इमरत सिंह रहते हैं लेकिन उन्हें मेरे बारे में जानकारी नहीं है। पत्नी का निधन हो चुका है। बच्चे भी नहीं हैं। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती प्रयागराज, जोंधवल जोंधवल के रहने वाले 58 वर्षीय भीम बहुत कम बोल पाते हैं लेकिन अपना नाम पता लिख देते हैं। इमरजेंसी वार्ड में एक बुजुर्ग महिला समेत चार लावारिस और भर्ती हैं लेकिन वे अपने बारे में कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रवक्ता डॉ. संतोष सिंह के अनुसार लावारिस मरीजों को बेहतर इलाज चल रहा है।

स्वस्थ हो जाने पर घर जाना चाहेंगे तो मदद की जाएगी।

## प्रयागराज में 11 दिव्यांग बेटियां आज लेंगी 7 फेरे- आयोजक श्रीनारायण खुद हैं दिव्यांग, वर्षों से करा रहे दिव्यांग बेटियों की शादी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।रविवार को 11 दिव्यांग बेटियां एक साथ 7 फेरे लेंगी। इसके लिए राजर्षि को विवाह समारोह की हल्दी और मेंहदी रस्म कराई गई।बता दें कि इस सामूहिक दिव्यांग शादी समारोह के आयोजक श्रीनारायण यादव खुद दिव्यांग हैं और वह प्रति वर्ष इस तरह का आयोजन कराते हैं जिसमें दिव्यांग बेटियों की शादी कराते हैं। सभी के सहयोग से वह उन्हें उपहार भी देते हैं। इसी तरह हल्दी समारोह में लोकसेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चोपडा की मौजूदगी में हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी जमनोत्री गुप्ता एवं कांती दीक्षित व डॉ. बीना सिंह ने आशीर्वाद दिया।राजकुमार चोपडा ने कहा कि दिव्यांगों के लिए किये जा रहे कार्य इन्हें समाज की मुख्य धारा मे जोड़ने का सार्थक प्रयास है। योगेश कुमार शुक्ला, आयोजक श्रीनारायण यादव, संचालन समाजसेवी ब्रह्मप्रकाश तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र ने किया। श्रीनारायण ने कहा, शादी समारोह की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिनकी शादियां आज हो रही है वह सभी दिव्यांग हैं।

इसमें बड़ी संख्या में बाराती भी शामिल हो रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य रूप से शादी समारोह संपन्न हो रहा है।

## सीएचसी में आधुनिक जांच उपकरणों का नहीं मिल रहा मरीजों को लाभ




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ और जसरा में बीपीएचयू (ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई) भवनों को स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं होने के कारण क्षेत्र के मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। शंकरगढ़ में जांच के आधुनिक उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत एनएचएम योजना से बीपीएचयू भवन का निर्माण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में किया जा रहा है। भवन निर्माण भी लगभग पूरा हो गया है।इस भवन का उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना, रक्त व अन्य शारीरिक जांचों के माध्यम से बीमारियों का शीघ्र पता लगाना एंव महामारी से निपटने के लिए स्वास्थ्य केंद्र को तैयार करना है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में कई आधुनिक जांच उपकरण भेजे गए हैं, जिनमें सीबीसी मशीन, ऑटो एनालाइजर मशीन, बायोकेमिकल मशीन, सेंटीफ्ल्यूज मशीन, यूरीन एनालाइजर है। भवन निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण ये धूल फांक रहे हैं। विभाग द्वारा शंकरगढ़ में लैब टेक्नीशियन की तैनाती भी की जा चुकी है। एक वर्ष से चल रहा निर्माण कार्य बीपीएचयू भवन का निर्माण लगभग एक साल से जारी है, लेकिन अब तक यह पूरी तरह से तैयार नहीं हो पाया है। कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही है। इस विषय में अधिकारियों से बात की गई तो गोल-मोल जवाब दिया गया, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मरीजों को इस सुविधा का लाभ कब तक मिलेगा। वर्जनजांच के लिए मशीने उपलब्ध हैं जैसे ही भवन हैंडओवर होगा सभी मशीनों को इंस्टॉल कर दिया जाएगा व शासन के निर्देशानुसार लैब को क्रियाशील कर दिया जाएगा। अभिषेक सिंह, अधीक्षक, सीएचसी शंकरगढ़ जसरा में अभी उपकरण नहीं आए हैं। भवन में फिनिशिंग का काम भी अधूरा है। शीघ्र ही भवन सीएचसी को मिल जाएगा। प्रशासन की सुस्त कार्यशैली से मरीज परेशान भले ही अधिकारियों का दावा हो कि जल्द ही भवन का हस्तांतरण किया जाएगा, लेकिन पहले भी कई बार तारीखें बढ़ाई जा चुकी हैं। मरीजों को आधुनिक जांच सुविधाएं देने की सरकार की मंशा तभी सफल होगी जब कार्यदायी संस्था जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कर भवन को स्वास्थ्य विभाग को सौंपे। फिलहाल, स्थानीय लोग और मरीज इस सुविधा के शीघ्र शुरू होने की प्रतीक्षा में हैं। अंकिता पांडेय,प्रभारी,सीएचसी जसरा

## महिला सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो पुलिस टीमों ने क्षेत्र में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। अभियान के अंतर्गत महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा, पुलिस ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी, जिसमें महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वायड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और एंबुलेंस सेवा-102 शामिल हैं। बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच और बैड टच की पहचान, साइबर अपराध से बचाव और कानूनी सहायता के बारे में भी विस्तार से बताया गया। पुलिस टीमों ने महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का तुरंत उपयोग करने की सलाह दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को न केवल सुरक्षा संबंधी जानकारी देना था, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करना भी था। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की आम जनता ने सराहना की और महिलाओं ने जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## होली के लिए चार जोड़ी ट्रेनों के फेरे बढ़ाए, चलेगी जबलपुर अयोध्या कैंट ट्रेन, देखें शेड्यूल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।आगामी त्योहार होली को लेकर संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पटना-नई दिल्ली, गया-आनंद विहार, मुजफ्फरपुर-आनंद विहार और दानापुर-आंनद विहार टर्मिनल स्पेशल के फेरे बढ़ाए हैं। सप्ताह में छह दिन चलने वाली 02393 पटना-नई दिल्ली स्पेशल 31 मार्च तक, 02394 नई दिल्ली-पटना एक्सप्रेस एक अप्रैल तक संचालित होगी। इसी तरह प्रत्येक रविवार को गया-आनंद विहार स्पेशल का 30 मार्च, आनंद विहार-गया प्रत्येक सोमवार 31 मार्च, मुजफ्फरपुर आनंद विहार प्रत्येक शुक्रवार 28 मार्च, आनंद विहार-मुजफ्फरपुर प्रत्येक शनिवार 29 मार्च तक संचालित होगी। दानापुर-आनंद विहार का संचालन प्रत्येक रविवार 30 मार्च तक होगा।होली पर रेलवे की ओर से जबलपुर अयोध्या कैंट ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन छिवकी रेलवे स्टेशन होकर जाएगी। ट्रेन नंबर 01701/01702 जबलपुर-अयोध्या कैट-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस विशेष जबलपुर से 12 मार्च से 26 मार्च तक तीन फेरा लगाएगी। वहीं अयोध्या कैंट से 13 से 27 मार्च तक तीन फेरा लगाएगी।महाकुंभ की समाप्ति के बाद एक मार्च से रूटीन विमानों का संचालन शुरू हो गया। शनिवार को शेड्यूल की सात फ्लाइट आई और सात गई। इसमें इंडिगो की पांच, एलाइंस एयर की एक, अकासा की एक फ्लाइट थी। इससे 978 यात्री आए और 975 यात्रियों ने दूसरे शहरों के लिए उड़ान भरी। वहीं दो चार्टर प्लेन से 15 लोग और दो चार्टर प्लेन से पांच लोगों ने दूसरे शहरों के लिए उड़ान भरी।महारौली-डासना में ब्लॉक के चलते शनिवार एक मार्च को बरेली-भुज आला हजरत एक्सप्रेस चार घंटे की देरी से गई। यात्रियों ने प्लेटफार्म पर हंगामा कर दिया। उनको बताया गया कि ब्लॉक के चलते तीन दिन पहले ही मैसेज जा रही हो गया था। उत्तर रेलवे के महरौली-डासना रेल खण्ड में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के कमीशनिंग का कार्य 27 फरवरी से एक मार्च तक चला। जिससे आला हजरत एक्सप्रेस समेत बरेली होकर गुजरने वाली आठ ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हुआ।

## प्रयागराज में बालू में मिलावट का बड़ा खेल- टोंस नदी की हल्की रेत मिलाकर दुकानदार कर रहे अवैध कमाई, कमजोर हो रहे नए मकान

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।कौंधियारा के सेहरा ग्रामसभा में बालू व्यापारियों द्वारा किए जा रहे एक बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। दुकानदार बालू में टोंस नदी की हल्की रेत मिलाकर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें दो मजदूर बालू में हल्की रेत मिला रहे हैं। यह मिलावटी बालू स्थानीय लोगों के घरों और सरकारी निर्माण कार्यों में इस्तेमाल की जा रही है।विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की मिलावटी बालू से बने मकान बेहद कमजोर होते हैं। ये मामूली प्राकृतिक आपदा का भी सामना नहीं कर सकते। मकान की मजबूती के लिए गुणवत्तापूर्ण बालू जरूरी होती है। जांच में यह भी पता चला है कि इन दुकानदारों के पास बालू भंडारण का कोई लाइसेंस नहीं है। वे मनमाने तरीके से ग्रामीण इलाकों में बालू डंप कर रहे हैं। एसडीएम कार्यालय से इसकी कोई अनुमति नहीं ली गई है। इस घोटाले से न केवल लोगों की गाढ़ी कमाई का नुकसान हो रहा है, बल्कि उनकी जान भी जोखिम में है। कमजोर निर्माण के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## UP बोर्ड एग्जाम में लापरवाही पर सचिव सख्त- सभी DIOS को सचिव का निर्देश, लापरवाही मिलने पर तत्काल करें कार्रवाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) UP बोर्ड एग्जाम को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह सख्त दिख रहे हैं। अतिसंवेदनशील घोषित प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए बोर्ड सचिव ने अधिकारियों को उतार दिया है।शनिवार को प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय की अपर सचिव विभा मिश्रा, अपर सचिव प्रशासन सरदार सिंह, अपर सचिव पाठ्यपुस्तक सत्येंद्र कुमार सिंह, अपर सचिव शोध स्कंद शुक्ल, उप सचिव आनंद कुमार त्रिपाठी, श्रद्धा शुक्ला, सुनील कुमार सिंह, नंदिनी श्रीवास्तव, डॉ. पूनम मिश्रा, चेतन त्रिपाठी के नेतृत्व में सचल दल गठित कर अलग- अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई थी। सचिव ने प्रदेश के सभी DIOS को भी निर्देशित किया है कि परीक्षा में यदि लापरवाही मिलती है तो तत्काल अवगत कराते हुए कार्रवाई तय करें।

बिना परिचय पत्र के ड्यूटी कर रहे कक्ष निरीक्षक प्रथम पाली में शुभम इंटरमीडिएट कालेज बगोहना खुर्द, करमा में रिजर्व सेट की अलमारी की चाबी थाने पर नहीं जमा मिली। तीन कक्ष में केवल एक कक्ष निरीक्षक थे। स्ट्रॉन्ग रूम की लागबुक नहीं थी। बेसिक शिक्षा के किसी कक्ष निरीक्षक के पास परिचयपत्र नहीं था। सरदार बल्लभभाई पटेल उमावि धनुहा, नैनी केंद्र की रिजर्व सेट की अलमारी की चाबी थाने पर जमा नहीं थी। दो कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र डीआइओएस द्वारा निर्गत नहीं थे।

संगम मार्डर्न इंटर कालेज नैनी में भी चाबी थाने पर जमा नहीं थी। आरके यदुवंशी इंटर कालेज श्रृंगवेरपुर में लैपटाप के साथ एक व्यक्ति सहित दो की गतिविधि संदिग्ध मिली।

## ब्राह्मण समाज उत्थान सेवा संस्था द्वारा प्रयागराज को धार्मिक राजधानी घोषित किए जाने की मांग की गई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।ब्राह्मण समाज उत्थान सेवा संस्था के पदाधिकारी की बैठक प्रयागराज के सिविल लाइंस में की गई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्याम प्रसाद द्विवेदी ने किया। संचालन राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया बैठक में दिव्य भव्य एवं डिजिटल कुंभ की भव्यता के साथ समापन होने पर चर्चा की गई राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्याम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रयागराज में जो महाकुंभ भव्यता के साथ संपन्न हुआ विश्व का कोई भी देश ऐसा नहीं है जहां से श्रद्धालु प्रयागराज संगम में डुबकी लगाने के लिए नहीं आये, यहां तक की भारतवर्ष में कोई भी प्रदेश कोई भी जिला कोई भी गांव नहीं बचा जहां से श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने नहीं आये तथा अपने आस्था के साथ मां गंगा की पूजा करने के पूरा विश्व आया और सामाजिक समरसता का उदाहरण देते हुए तथा जाति प्रताप को दूर रखते हुए एक घाट पर शंकराचार्य महामंडलेश्वर आचार्य महामंडलेश्वर महंत श्री महंत किसान व्यापारी राजनेता अभिनेता वैज्ञानिक जनमानस सभी ने स्नान किया , तथा इस भव्य दिव्य महाकुंभ की उत्तम व्यवस्था के लिए एवं सफलतम आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार माननीय योगी जी तथा माननीय मोदी जी का सादर आभार। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा की ना तो भूतों ना तो भविष्यतो ऐसी आस्था ऐसी भीड़ ऐसा मानवो का आयोजन कहीं नहीं हुआ और न होगा तथा जिस भव्यता के साथ इस महाकुंभ का समापन हुआ और तथा इस महाकुंभ में अनेक रिकॉर्ड बनाए गए ऐसी स्थिति में महाकुंभ की भव्यता को देखते हुए वर्तमान में प्रयागराज को उत्तर प्रदेश की धार्मिक राजधानी घोषित की जानी चाहिए। बाबा तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है की माघ मकर गति रवि गति जब होई, तीरथ पतहिं आव सब कोई। अर्थात माघ के महीने में तीर्थराज प्रयाग में देवता मनुष्य किन्नर सभी आते हैं जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण इस महाकुंभ में देखने को मिला इस महाकुंभ में नेता अभिनेता व्यापारी वैज्ञानिक साहित्यकार किसान दार्शनिक सामान्य जनमानस तथा बौद्धिक वर्ग सभी प्रयागराज आए और एक भाव के साथ अपनी आस्था के साथ संगम में डुबकी लगाई तथा गंगा मां की पूजा अर्चना किया 67 करोड़ श्रद्धालुओं के द्वारा स्नान किया जाना उनकी व्यवस्था किया जाना अपने आप में ऐतिहासिक है ऐसी स्थिति में प्रयागराज के वासी दिल खोलकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और जगह-जगह पर उनके स्वागत में भंडारे का आयोजन किया गया तथा भोजन पानी आदि क्या प्रबंध किया गया आने वाले श्रद्धालुओं को कहीं से कोई परेशानी ना हो इसके लिए प्रयागराज के सम्मानित सभी नागरिक अपने घर के द्वार खोल दिए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि विष्णु दत्त मिश्रा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश प्रभारी संतोष पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष आशीष दुबे,जिला अध्यक्ष अधिवक्ता विशाल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला, संदीप पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।


# हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में सब भाई भाई सत्संग में दिया तत्वज्ञान का संदेश




**मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।**

राजगढ़ जिले की ब्यावरा तहसील के गांव बामलबेह में जिला स्तरीय जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का विशाल सत्संग समागम का आयोजन संपन्न हुआ सैकड़ों की तादाद में सत्संग सुनने पहुंचे श्रद्धालु पवित्र धर्म के पवित्र शास्त्रों के आधार पर सभी सद ग्रंथों के आधार पर सत्संग एलईडी के माध्यम से दिखाया चार वेद, 18 पुराण, 6 शास्त्र, 18 उपन्यास, बाइबल, गुरु ग्रंथ साहिब, कुरान शरीफ, पवित्र गीता जी, महाभारत, रामायण में छुपे रहस्यों को बताया सत्संग में सभी धर्म के लोग सत्संग सुनने के लिए पहुंचे हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में सब भाई भाई संत रामपाल जी महाराज ने बताया पूर्ण परमात्मा कबीर साहेब की भक्ति करने पर श्रद्धालुओं को सर्व सुख घर बैठे ही प्राप्त होता है। सही भक्ति करने पर श्रद्धालुओं को मोक्ष प्राप्ति भी होती है। संत रामपाल जी महाराज ने ब्रह्मा विष्णु महेश और दुर्गा गणेश की साधना बताते हुए कहा की तीनों देव कमल दल बसे, ब्रह्मा विष्णु महेश। प्रथम इनकी वंदना, फिर सुन सतगुरु उपदेश।। सत्संग में एक दिवसीय निशुल्क नाम दान की भी व्यवस्था रखी गई थी कई श्रद्धालु सत्संग के बाद संत रामपाल जी महाराज से नाम दीक्षा लेते हुए नजर आए। सत्संग के बाद श्रद्धालुओं को चाय बिस्कुट का नाश्ता किया गया।

# श्रीशेष नारायण मंदिर ( आनन्द धाम आश्रम ) में अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव दिनांक 04 मार्च से



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन ।चामुंडा मोड़ - परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) में अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव दिनांक 04 से 11 मार्च 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महोत्सव का शुभारभ 04 मार्च 2025 को प्रातः काल निकलने वाली श्रीमद्भागवतजी की भव्य कलश यात्रा के साथ होगा ।तदोपरांत प्रख्यात संत श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा अपराह्न 03 से सायं 06 बजे पर्यन्त समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसास्वादन कराएंगे ।महोत्सव के अंतर्गत 11 मार्च को प्रातः 07 बजे से समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं के द्वारा गाजे-बाजे के मध्य श्रीधाम वृन्दावन की पंचकोसी परिक्रमा की जाएगी ।तत्पश्चात संत-महंत भोजन प्रसादी के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## सखी लेडीज़ क्लब ने मनाया फागोत्सव - राधा कृष्ण के मधुर भजनों का लिया आनन्द



**मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।**

कोटा 2 मार्च 2025, सखी लेडीज़ क्लब द्वारा फागोत्सव का जश्न इन्द्र विहार स्थित गोकुल पार्क में बड़ी धूमधाम से मनाया गया क्लब अध्यक्ष सीमा गाँधी ने बताया कि क्लब के सभी सदस्यों ने राधा कृष्ण के मधुर भजनों का आनंद लिया राधा कृष्ण छवि से सुसज्जित स्वरूप सभी मोहित हुए, फाग के सुमधुर भजनों से आनंदित होकर सभी सखियों ने मुग्ध होकर नृत्य किया क्लब अध्यक्ष सीमा गांधी सचिव कृष्णा ठुकराल उपाध्यक्ष शालू योगी कोषाध्यक्ष रमा बाहेती एवं संयोजक उषा चावला ने कार्यक्रम को सुनियोजित तरीके से सम्पन्न कराने का दायित्व बखूबी निभाया अंत में सभी ने प्रसादी ग्रहण कर कार्यक्रम को समाप्त किया अन्त में अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी आगंतुक सखियों का आभार व्यक्त किया
सीमा गाँधी (अध्यक्ष)- 99821 05014

## हाईवे पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन परिवहन विभाग को ध्यान देने की जरूरत

**मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।**

झालावाड़ 02 मार्च जिलेभर में हाईवे पर ओवरलोड वाहनों का गुजरना जारी है। पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। परिवहन विभाग को भी सख्ती की जरूरत है। पूर्व में लगे परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई से कही सीमा तक इनमें कमी आई थी ।वही इन ओवरलोड वाहनों से सड़को पर छोटे वाहन वालों के खतरा मंडराता रहता है ।वही सूत्रों की माने तो झालावाड़ जिले की जगह अन्य जगह का मुख्य अधिकारी परिवहन विभाग में लगे तो सख्ती बढ़ेंगी लोकल अधिकारी से जान पहचान के कारण भी कही सीमा तक इन पर रोक लग पाना बड़ा पेचीदा होता है।

# बॉडी कंपटीशन इवेंट में आर्यन कुमार ने किया पहला स्थान हासिल

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

जेवर। हाईटेक जिला गौतम बुद्ध नगर में 28 फरवरी 2025 को इंडिया आयत क्लासिक जिम में बॉडी कंपटीशन इवेंट आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस और हरियाणा से आए पहलवानों ने भाग लिया और सैकड़ों दर्शकों ने इस रोमांचक मुकाबले का आनंद लिया। फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान पर रहे आर्यन कुमार को 5100 रुपये नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। सीनियर कैटेगरी में स्ट्रांग मैन का खिताब मथुरा निवासी शिवा को मिला, जिन्हें ट्रॉफी और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर मथुरा के ही सोहिल रहे, जिन्हें ट्रॉफी और गोल्ड मेडल दिया गया। जूनियर कैटेगरी में ओवरऑल चैंपियनशिप जीतने वाले जेवर निवासी अफसर सैफी को टेबल फैन, ट्रॉफी और गोल्ड मेडल देकर मुख्य अतिथि काकू मिस्टर एशिया और विशिष्ट अतिथि एम.एफ. कुरैशी गुलफरोज चौधरी ने सम्मानित किया। इंडिया आयत क्लासिक जिम के मैनेजर राशिद खान ने बताया कि प्रतियोगिता जिम के स्टूडेंट्स की मांग पर कराई गई और इसमें पहलवानों का हौसला काफी ऊंचा रहा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि हर तीन महीने में बॉडी कंपटीशन इवेंट आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मोहम्मद उवैश, मोहम्मद पवार, सोनू कुरैशी, जीशान कुरैशी, आमिर लादेन, हाशिम कुरैशी, सुहैल चौधरी, नाजिम शुक्ला समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# एसडीएम ने किया निरीक्षण, ठेकेदार को लगाई कड़ी फटकार



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

शिकारपुर (रिशू कुमार)। शिकारपुर तहसील क्षेत्र के छतारी गांव में औचक निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सरकारी कार्यों में कई खामियां पाईं, जिससे ठेकेदारों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे लगी टाइल्स और गंदगी को देखकर एसडीएम नाराज हो गए और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। एसडीएम ने पाया कि कई जगहों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स नहीं लगी हैं, जबकि कुछ जगहों पर मिट्टी के नीचे दबी हुई हैं। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि सभी खामियों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए। साथ ही, नगर पंचायत के अधिकारियों को ठेकेदार से सही तरीके से काम कराने के लिए निर्देशित किया गया। अब देखना होगा कि निरीक्षण के बाद एसडीएम ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई करते हैं या नहीं।

# शिकारपुर में मिशन शक्ति एंटी रोमियो पुलिस टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

शिकारपुर (रिशू कुमार)। शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत शिकारपुर पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने नगर में अभियान चलाया। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी जानकारियां दीं। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वाड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और एंबुलेंस-102 के बारे में बताया। साथ ही, आत्मरक्षा से जुड़े टिप्स और गुड टच-बैड टच की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# रमजान में नमाज-रोज़े के साथ गरीबों का भी रखें ख्याल- शोएब मेवाती



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी नगर पालिका परिषद के चेयरमैन पद के प्रत्याशी रहे शोएब मेवाती ने रमजान माह की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह महीना इबादत, रहमत और बरकत का है। उन्होंने सभी से अपील की कि रोजा, नमाज और कुरान की तिलावत के साथ-साथ गरीबों, अजीजों और पड़ोसियों का भी ख्याल रखें। शोएब मेवाती ने कहा कि रमजान में की गई नेकी का सत्तर गुना सवाब मिलता है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा खैरात, जकात और सदका करें। उन्होंने दुआ की कि अल्लाह इस मुबारक महीने की बरकत से मुल्क में अमन-चैन कायम करे और सभी के दिलों में मोहब्बत बढ़ाए।

# शिकारपुर-खुर्जा मार्ग का शुभारंभ, विकास को मिलेगी नई गति







**उजाला हितैषीएक्सप्रेस**

शिकारपुर (रिशू कुमार)। शिकारपुर में भाजपा नेता कुश शर्मा और सांसद डॉ. भोला सिंह ने शिकारपुर-खुर्जा मार्ग के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया और जनसभा को संबोधित किया। 13.650 किमी लंबे इस मार्ग का निर्माण 22.11 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के विकास और यातायात को सुगमता मिलेगी। यह सड़क कई वर्षों से जर्जर हालत में थी, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पहले जहां खुर्जा पहुंचने में 20 मिनट लगते थे, वहीं सड़क की खराब स्थिति के कारण यह समय बढ़कर एक घंटा हो गया था। क्षेत्रवासियों ने विधायक और सांसद से इस मार्ग के निर्माण की मांग की थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। सांसद डॉ. भोला सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्यों की गति निरंतर जारी रहेगी और जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। भाजपा नेता कुश शर्मा ने कहा कि यह सड़क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से बन रही है, जिससे क्षेत्रवासियों, व्यापारियों और यात्रियों को लाभ मिलेगा। सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया।

# रमजान की शुरुआत, बड़े और बच्चों ने रखा पहला रोजा




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। इस्लाम धर्म के पवित्र महीने रमजान का आगाज रविवार को हुआ। सुबह सहरी करने के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम भाइयों, महिलाओं और बच्चों ने पहला रोजा रखा। इस खास मौके पर मस्जिदों में नमाज अदा की गई और अल्लाह की इबादत कर गुनाहों से तौबा की गई। रोजेदारों ने दिनभर बिना कुछ खाए-पिए अल्लाह की राह में सब्र किया और शाम 6.23 बजे इफ्तार किया। इफ्तार में खजूर, फल, शरबत और विभिन्न व्यंजनों के साथ रोजा खोला गया। इस मौके पर परिवारों में खुशी का माहौल देखने को मिला। मस्जिदों में तरावीह की नमाज का सिलसिला भी पूरे जोश और श्रद्धा के साथ जारी है। लोग अल्लाह से अपने लिए, अपने परिवार और देश की भलाई की दुआएं मांग रहे हैं। रमजान के इस पाक महीने में इबादत, नेकी और जरूरतमंदों की मदद का विशेष महत्व है। धार्मिक स्थलों और बाजारों में भी रमजान को लेकर खास रौनक देखने को मिल रही है।

# भारतीय किसान यूनियन इंडिया की कार्यकारिणी भंग, नई टीम का गठन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र गुर्जर ने संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया और 15 नए सदस्यों की नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस अवसर पर ब्रेक प्वाइंट होटल में आयोजित बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती पर जोर दिया गया।
राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने नए पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलाई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे अग्निवीर योजना की वापसी, जातिगत जनगणना, किसान आयोग का गठन और एमएसपी के गारंटी कानून जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र गुर्जर ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि समय रहते किसान और मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो एक बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सुंदर यादव, प्रदेश सचिव विनोद तेवतिया, संजीव कुमार सिंघल, एनसीआर सचिव राजकुमार सिंह, जिला अध्यक्ष ऋषि चौधरी, जिला प्रभारी आजाद भाटी, जिला कोषाध्यक्ष हरवीर प्रधान, जिला महासचिव गौरव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एडवोकेट तनु ठाकुर, युवा जिलाध्यक्ष विपिन तेवतिया सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भंवर सिंह सैनी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, 200 रुपए के लिए की गई थी हत्या



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर में हुए भंवर सिंह सैनी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्यारोपी मुजाहिद उर्फ लंगड़ा ने मात्र ₹200 के लिए उनकी हत्या कर दी थी। 25 फरवरी की रात भंवर सिंह धौलाना रोड स्थित जेपी फॉर्म हाउस में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहीं हत्यारोपी बारात में पैसे बटोरने पहुंचा था। शादी से लौटते समय भंवर सिंह को अकेला पाकर मुजाहिद ने उन्हें रूई धुनने की टाल में ले जाकर बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला। उसने भंवर सिंह की जेब से ₹200 लूट लिए और उनका मोबाइल अपने साथी को दे दिया। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा किया, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ था। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली टीम में निरीक्षक अतुल चौहान, एसएसआई सरबर खां, हेड कांस्टेबल शमशेद और अंकुर शामिल रहे।

# नैक मूल्यांकन में अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी को ग्रेड बी, कॉलेज में हर्ष की लहर



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

औरंगाबाद, बुलंदशहर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा अमर सिंह महाविद्यालय, लखावटी को ग्रेड बी प्रदान किया गया है, जिससे महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। यह उपलब्धि कॉलेज के इतिहास और विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। नैक मूल्यांकन पीयर टीम ने 14 फरवरी को दो दिवसीय दौरे के दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे, शोध, छात्र सहायता और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का गहन मूल्यांकन किया। टीम ने कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, शोध कार्य, छात्र कल्याण और प्रशासनिक दक्षता की सराहना करते हुए ग्रेड बी प्रदान किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र कुमार ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कॉलेज परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और प्रबंधन समिति के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नैक टीम द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से अपनाते हुए महाविद्यालय को शैक्षणिक और शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि यह प्रत्यायन महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे कॉलेज को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक और शोध के अवसर प्राप्त होंगे। कॉलेज प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया है।

# बुलंदशहर के धमरावली गांव में विवाद सुलझाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। ग्राम धमरावली में उत्पन्न विवाद के समाधान और कानून व्यवस्था को सामान्य करने के उद्देश्य से 2 मार्च 2025 को पंचायत घर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. प्रशांत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर ऋजुल और प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात प्रेमचंद शर्मा मौजूद रहे। बैठक में दोनों पक्षों के संभ्रांत और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जहां अधिकारियों ने सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। दोनों पक्षों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की किसी भी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी और शांति बनाए रखने में पूरा सहयोग देंगे। प्रशासन ने भी लोगों से आपसी समझदारी और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

# फूल बरसाने वाली युवती से रेप के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर स्थित एक मैरिज होम में फूल बरसाने आई युवती से रेप का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना ऐंचाना गांव के मैरिज होम में हुई थी, जहां बारात में शामिल युवती के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की गई थी। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद जुनैद, निवासी अकबरपुर, कोतवाली देहात, बुलंदशहर को गिरफ्तार किया। उसके पास से अवैध हथियार भी बरामद हुआ है। मामले के दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।